www.bharatsamvad.live
R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर
# भारत संवाद
मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

**मौसम**
अधिकतम तापमान 32.c
27.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**
सोना 95.770g
चांदी 97,030kg

2 पाकिस्तानी सेना है आतंक की जड़, बड़ी कार्रवाई जरूरी
मेडिकल कॉलेज में विन्ध्यना कार्यक्रम 04

वर्ष :08 | अंक :312 | मुंबई, रविवार, 04 मई, 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2:00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### न्यायालय ने दो दशक पहले 10 रुपये के स्टांप पेपर पर दो रुपये अतिरिक्त लेने वाले व्यक्ति को बरी किया

एक अजीबोगरीब मामले में, दो दशक पहले स्टांप पेपर के लिए 2 रुपये अतिरिक्त वसूलने के आरोपी एक विक्रेता को उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को बरी कर दिया। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि अभियोजन पक्ष भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत रिश्वत की मांग और उसे स्वीकार करने की बात साबित करने में विफल रहा। शीर्ष अदालत ने स्थानीय अदालत द्वारा दिल्ली के अमन भाटिया को 2013 में सुनायी गयी सजा को रद्द कर दिया। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2014 में लाइसेंस प्राप्त स्टांप विक्रेता अमन भाटियों की सजा की पुष्टि की थी। रिकॉर्ड में यह बात सामने आई कि नौ दिसंबर, 2003 को शिकायतकर्ता 10 रुपये का स्टांप पेपर खरीदने के लिए दिल्ली के जनकपुरी स्थित उप-पंजीयक के कार्यालय गया था।

### सुल्तानपुरी में युवक की चाकू घोंपकर हत्या करने के मामले में छह लोग गिरफ्तार

बाहरी दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में एक युवक की कथित तौर पर चाकू घोंपकर हत्या करने के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में अब तक छह लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने बताया कि रितिक (19), राहुल (23) और निखिल (19) को क्षेत्र के एक बड़े नाले के पास से गिरफ्तार किया गया। सभी हिंसक अपराधों में शामिल रहे हैं। पुलिस ने बताया कि भोला गिरोह से जुड़े अखिल (30), करण (27) और अनुराग (23) को रोहिणी में जापानी पार्क के पास से बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया था। उसने बताया कि बुधवार को पीड़ित सूरज (21) को चाकू के घाव के साथ मंगोलपुरी संजय गांधी स्मारक अस्पताल लाया गया था जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर रितिक, राहुल और निखिल की आरोपी क तौर पर पहचान की गई और उन्हें एक स्थानीय नाले के पास से पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान तीनों ने लंबे समय से चली आ रही रंजिश की वजह से सूरज पर हमला करने की बात स्वीकार की। सूरज एक शादी समारोह में जा रहा था, तभी तीनों ने उसे रोक लिया और उसपर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि रितिक पहले भी दो मामलों में संलिप्त पाया गया था, राहुल पांच मामलों में, तथा निखिल जब किशोर था तब डकैती सहित तीन मामलों में हिरासत में लिया गया था।

# भारत ने पाकिस्तान को दिया एक और बड़ा झटका, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष आयात पर लगाया बैन

**जहाजों को भी बंदरगाहों पर नो एंट्री; पाकिस्तान ने बैलिस्टिक मिसाइल अब्दाली का टेस्ट किया**

**आयात बैन**

▶▶ विदेश व्यापार महानिदेशालय ने अधिसूचना में कहा कि यह प्रतिबंध राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक नीति के हित में लगाया गया है। इस प्रतिबंध के किसी भी अपवाद के लिए भारत सरकार की मंजूरी की आवश्यकता होगी।

एजेंसी

नई दिल्ली। पिछले महीने पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 पर्यटकों की मौत के बाद भारत ने राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक नीति के हित में तत्काल प्रभाव से पाकिस्तान से सभी वस्तुओं के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकारी की तरफ से यह जानकारी दी गई। इस निर्णय से पाकिस्तान से भारत में माल की सभी आवक पूरी तरह से रुक जाएगी। भारत का पाकिस्तान को पिछले साल अप्रैल से इस साल जनवरी तक निर्यात 44.76 करोड़ डॉलर था, जबकि आयात मात्र 4.2 लाख डॉलर था।विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने दो मई को एक अधिसूचना में कहा कि इस संबंध में विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2023 में एक प्रावधान जोड़ा गया है, जिसके तहत अगले आदेश तक तत्काल प्रभाव से पाकिस्तान में बने या वहां से निर्यात किए जाने वाले सभी सामानों के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात या पारगमन पर रोक लगाई जाएगी। इसमें कहा गया कि यह प्रतिबंध राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक नीति के हित में लगाया गया है। आदेश में कहा गया कि इस प्रतिबंध के किसी भी अपवाद के लिए भारत सरकार की मंजूरी की आवश्यकता होगी। एफटीपी में पाकिस्तान से आयात पर प्रतिबंध शीर्षक के तहत प्रावधान डालते हुए इसमें कहा गया है, पाकिस्तान से आयात या निर्यात किए जाने वाले सभी सामानों का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात या पारगमन, चाहे स्वतंत्र रूप से आयात योग्य हो या अन्यथा अनुमति प्राप्त हो, तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक प्रतिबंधित रहेगा।अप्रैल-जनवरी 2024-25 के दौरान पड़ोसी देश से मुख्य आयात में फल और मेवे (80 हजार डॉलर), कुछ तिलहन और औषधीय पौधे (2.6 लाख डॉलर) और जैविक रसायन शामिल थे।




### भारतीय सेना के अफसरों पर झूठी खबरें फैला रहा पाक मीडिया

पहलगाम हमले के बाद भारत-पाक तनाव के बीच पाकिस्तानी मीडिया और सोशल मीडिया पर भारतीय सेना के बड़े अफसरों को लेकर झूठी बातें फैलाई जा रही हैं। कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया कि जनरल डीएस राणा को हटाकर अंडमान भेजा गया, जबकि सच्चाई यह है कि उन्हें प्रमोट किया गया है।इसी तरह जनरल सुचिन्द्र कुमार और एयर मार्शल एसपी धरकर को लेकर भी गलत खबरें फैलाई गई, जबकि दोनों तय समय पर सम्मान के साथ रिटायर हुए हैं। रक्षा मंत्रालय ने साफ किया कि ये सब अफवाहें हैं और देश की सेना पूरी तरह तैयार और मजबूत है।

### पाकिस्तान से सभी डाक और पार्सल सेवाएं बंद

पाकिस्तान से भारत आने वाली सभी कैटेगरी की डाक और पार्सल सेवाओं को बंद कर दिया गया है। यह रोक हवाई और जमीनी दोनों रास्तों से आने वाली डाक पर लागू होगी। यह जानकारी केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दी है। इससे पहले भी भारत सरकार ने कई पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों और सोशल मीडिया अकाउंट पर भी बैन लगाए थे, जो भड़काऊ और भ्रामक सामग्री फैला रहे थे।

# पीएम मोदी ने राष्ट्रपति लौरेंको के साथ हैदराबाद हाउस में की द्विपक्षीय बैठक

**अंगोला की सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए भारत देगा 20 करोड़ डॉलर**

"राजनयिक संबंधों के 40 वर्ष पूरे होने पर, प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक एकजुटता की सराहना की और ऊर्जा, रक्षा, डिजिटल बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य सेवा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में भविष्य के सहयोग के लिए एक रोडमैप की रूपरेखा तैयार की।

एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंकाल्वेस लौरेंको का भारत में स्वागत किया। 38 वर्षों में यह उनकी पहली भारत यात्रा थी। इस यात्रा के दौरान उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने और सभी क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की नई प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। राजनयिक संबंधों के 40 वर्ष पूरे होने पर, प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक एकजुटता की सराहना की और ऊर्जा, रक्षा, डिजिटल बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य सेवा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में भविष्य के सहयोग के लिए एक रोडमैप की रूपरेखा तैयार की।अंगोला के राष्ट्रपति की भारत की राजकीय यात्रा पर बोलते हुए, सचिव (आर्थिक संबंध), दम्मू रवि ने कहा कि अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ लौरेंको कल से शुरू हुए राजकीय दौरे पर हैं और कल समाप्त होंगे। राष्ट्रपति भवन में उनका औपचारिक स्वागत किया गया। हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई जिसमें द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। आज शाम को राष्ट्रपति द्वारा भोज का आयोजन किया जाएगा।



### आतंकवाद और उसके समर्थकों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने के लिए भारत प्रतिबद्ध :पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हैदराबाद हाउस में अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंकाल्वेस लौरेंको के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इसके बाद मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मैं राष्ट्रपति लौरेंको और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करता हूं। यह एक ऐतिहासिक क्षण है। 38 साल बाद अंगोला के राष्ट्रपति भारत आए हैं। उनकी यात्रा न केवल भारत और अंगोला के बीच संबंधों को एक नई दिशा देने वाली है, बल्कि भारत-अफ्रीका संबंधों को भी मजबूत करने वाली है। मोदी ने कहा कि भारत और अंगोला अपने राजनीतिक संबंधों की 40वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। जब अंगोला अपनी आजादी के लिए लड़ रहा था, तब भारत उसके साथ खड़ा था। आज हम विभिन्न क्षेत्रों में साझेदार हैं। भारत तेल और गैस के सबसे बड़े खरीदारों में से एक है। हमने अपने ऊर्जा संबंधों को मजबूत करने का फैसला किया है। मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हम अंगोला की सशस्त्र सेनाओं के आधुनिकीकरण के लिए 200 मिलियन डॉलर की रक्षा ऋण सहायता प्रदान करेंगे।

# पानी सिर्फ पंजाब का नहीं, बल्कि पूरे देश का है..

**पंजाब के भाखड़ा नहर से पानी रोकने के बाद हरियाणा सीएम नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ में सर्वदलीय बैठक की**




एजेंसी

जल बंटवारे को लेकर हरियाणा के साथ बढ़ते तनाव के बीच, पंजाब में सभी दलों ने शुक्रवार को एकमत होकर भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) के हरियाणा को अतिरिक्त 4,500 क्यूसेक पानी छोड़ने के फैसले को खारिज कर दिया। वहीं, अब जल बंटवारे के विवाद पर हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने पलटवार किया है। सैनी ने कहा कि मैं मान साहब (पंजाब के सीएम भगवंत मान) को बताना चाहता हूं कि यह पानी सिर्फ पंजाब का नहीं, बल्कि पूरे देश का है। 23 अप्रैल को भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड ने हरियाणा को 8,500 क्यूसेक पानी देने का फैसला किया था, लेकिन मान सरकार ने इस फैसले का सम्मान नहीं किया। 30 अप्रैल को बीबीएमपी की बैठक में 23 अप्रैल के फैसले को लागू करने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। सैनी ने कहा कि हरियाणा को 10.67 एमएएफ पानी दिया गया है, जबकि उसे 12.55 एमएएफ पानी आवंटित किया गया है। पंजाब अपने हिस्से से ज्यादा पानी का इस्तेमाल कर रहा है। हरियाणा को मूल रूप से आवंटित पानी से 17% कम पानी मिल रहा है। कम से कम पीने के पानी पर राजनीति तो मत करो।

"सैनी ने कहा कि हरियाणा को 10.67 एमएएफ पानी दिया गया है, जबकि उसे 12.55 एमएएफ पानी आवंटित किया गया है। पंजाब अपने हिस्से से ज्यादा पानी का इस्तेमाल कर रहा है। हरियाणा को मूल रूप से आवंटित पानी से 17% कम पानी मिल रहा है। कम से कम पीने के पानी पर राजनीति तो मत करो।

# गोवा के शिरगांव में भगदड़, 7 की मौत, 50 घायल

**बिजली तार गिरने से हादसा, एक-दूसरे पर गिरे लोग; 20 की हालत गंभीर, पीएम ने जताया दुख**

"श्री लैराई जात्रा नॉर्थ गोवा के बिचोलिम तालुका के शिरगांव गांव में आयोजित होने वाला हिंदू धार्मिक उत्सव है। जात्रा हर साल अप्रैल या मई में होती है। इसमें गोवा, महाराष्ट्र और कर्नाटक से हजारों श्रद्धालु आते हैं। जात्रा 2 मई की शाम से 3 मई की सुबह तक आयोजित की गई थी। इसी दौरान हादसा हुआ।



एजेंसी

बिचोलिम , गोवा के शिरगांव में श्री लैराई जात्रा (यात्रा) के दौरान शुक्रवार रात मची भगदड़ में 7 लोगों की मौत हो गई। जानकारी शनिवार सुबह आई है। हादसे में 50 से ज्यादा लोग घायल हैं, जिनमें 20 गंभीर हैं। राहत-बचाव कार्य जारी है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।शुक्रवार शाम को बड़ी संख्या में श्रद्धालु जात्रा में शामिल होने मंदिर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक दुकान के सामने बिजली के तार से करंट लगने के बाद कुछ लोग गिर गए। तभी अफरा-तफरी हुई और भगदड़ मच गई। क्राउड मैनेजमेंट के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने की वजह से हादसा हुआ। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने

### भगदड़ पर पीएम मोदी सहित अन्य नेताओं के बयान

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी-** गोवा के शिरगांव में भगदड़ के कारण हुई मौतों से दुखी हूं। अपने प्रियजन को खोने वालों के प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है।

**कांग्रेस नेता राहुल गांधी-** गोवा के शिरगांव स्थित लैराई देवी मंदिर में वार्षिक यात्रा के समय भगदड़ में कई श्रद्धालुओं की मौत और घायल होने का समाचार बहुत दुखद है। सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की आशा करता हूं।

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू-** गोवा के शिरगांव में हुई भगदड़ की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बारे में जानकर दुख हुआ, जिसमें कई लोगों की जान चली गई। मैं परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती हूं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

### अब नहीं चलेगी प्राइवेट स्कूलों की मनमानी

**दिल्ली कैबिनेट ने स्कूल फीस एक्ट को दी मंजूरी**

एजेंसी

दिल्ली कैबिनेट द्वारा सभी निजी स्कूलों की फीस वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए स्कूल फीस एक्ट को मंजूरी दे दी गई है। इसके बाद सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि इस एक्ट के जरिए सभी 1677 स्कूलों की फीस पारदर्शी तरीके से नियंत्रित की जाएगी। पिछली सरकारों के कार्यकाल में लगातार फीस में बढ़ोतरी होती रही है। पहली बार किसी सरकार ने यह एक्ट बनाया है।

# कांग्रेस ने जताई प्रेस की आजादी पर चिंता

**कहा- विश्व के 180 देशों में भारत को मिला 161वां स्थान**

▶▶ विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर कांग्रेस ऐसे हर निडर पत्रकार के साथ खड़ी है जो धमकी और सच को दबाने के खिलाफ लड़ रहा है।

एजेंसी

नई दिल्लीः कांग्रेस ने कहा है कि विश्व के 180 देशों में हुए सर्वेक्षण में प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत की रैंकिंग 161वीं है, जो साबित करता है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासन में प्रेस की आजादी पर लगातार हमले हो रहा है। कांग्रेस ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर अपने आधिकारिक एक्स पेज पर एक पोस्ट में शनिवार को कहा , विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर कांग्रेस ऐसे हर निडर पत्रकार के साथ खड़ी है जो धमकी और सच को दबाने के खिलाफ लड़ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत की गिरती रैंकिंग भाजपा शासन के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खतरनाक क्षरण को दशार्ती है। इसके साथी पार्टी ने एक अखबार में प्रकाशित सर्वेक्षण की तालिका भी पोस्ट की है, जिसमें कहा गया है की 180 देशों में हुए सर्वेक्षण में भारत का पिछले साल 161वां स्थान रहा है। पार्टी ने दक्षिण एशिया के देशों में प्रेस की आजादी से जुड़ा आंकड़ा भी दिया है, जिसमें बताया गया है कि विश्व में प्रेस की स्वतंत्रता में नेपाल की रैंकिंग 92, पाकिस्तान की 150 और श्रीलंका की 135 है जबकि भारत की रैंकिंग 161 है। कांग्रेस ने कहा है कि भारत में 100000 से अधिक समाचार पत्र और 36 हजार से ज्यादा साप्ताहिक पत्र प्रकाशित हो रहे हैं।




### पीएम मोदी से मिले जम्मू-कश्मीर सीएम उमर अब्दुल्ला

**पहलगाम हमले के बाद यह पहली मुलाकात**

▶▶ भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को दिए गए सभी प्रकार के वीजा रद्द कर दिए और उन्हें 30 अप्रैल तक देश छोड़ने का आदेश दिया। भारत ने पाकिस्तानी एयरलाइनों द्वारा संचालित उड़ानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र भी बंद कर दिया।

एजेंसी

जम्मू एवं कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और पिछले सप्ताह पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली बैठक है जिसमें 26 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास पर बैठक करीब 30 मिनट तक चली। आतंकी हमले के बाद, भारत ने सीमा पार आतंकवाद को पाकिस्तान के समर्थन के जवाब में कई उपायों की घोषणा की। इनमें सिंधु जल संधि को निलंबित करना, अटारी में एकीकृत चेक पोस्ट को बंद करना और उच्चायोगों के कर्मचारियों की संख्या कम करना शामिल है।



**बीजेपी** | चरणजीत चन्नी ने सर्जिकल स्ट्राइक का मांगा सबूत तो भड़की बीजेपी

# कांग्रेस की सीडब्ल्यूसी अंदर से पाकिस्तान वर्किंग कमेटी

एजेंसी

नयी दिल्ली। पहलगाम आतंकी हमले पर कांग्रेस पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को आरोप लगाया कि पार्टी अपने नेताओं के बिल्कुल विपरीत बयानों के जरिए नागरिकों और सशस्त्र बलों दोनों का मनोबल गिरा रही है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने 2019 के पुलवामा घटना के बाद पाकिस्तान पर भारत की सर्जिकल स्ट्राइक की प्रामाणिकता पर सवाल उठाने के लिए पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता चरणजीत सिंह चन्नी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि उन्हें यह कहने में कोई हिचक नहीं है कि बाहर से कांग्रेस कार्यसमिति है लेकिन अंदर पाकिस्तान कार्यसमिति है। पात्रा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित हमले के बाद पूरा देश दुख से जूझ रहा है, ह्रैङ्कल सीडब्ल्यूसी (कांग्रेस कार्यसमिति) की बैठक हुई जिसमें कुछ प्रस्ताव पारित किए गए। हाथी के दांत दिखाने के और, और खाने के और हैं। पात्रा ने संवाददाताओं से कहा कि सीडब्ल्यूसी द्वारा प्रस्ताव पारित किए जाने के तुरंत बाद चन्नी ने एक समानांतर संवाददाता सम्मेलन किया जिसमें उन्होंने 2019 के पुलवामा आतंकवादी हमले के बाद बालाकोट में किए गए भारत के हवाई हमले की वास्तविकता पर सवाल उठाया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी तंज कसा। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, कांग्रेस पाकिस्तानी सेना एवं आतंकवादियों को ऑक्सीजन देने तथा उनका मनोबल बढ़ाने का कोई मौका नहीं छोड़ती। चन्नी ने पुलवामा हमले का जिक्र करते हुए कहा था कि 40 भारतीय सैनिक मारे गए और सरकार ने चुनाव आने पर कार्रवाई का दावा किया। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा था, लेकिन हमने कभी नहीं देखा कि पाकिस्तान में कहां हमले किए गए और कहां लोग मारे गए। अगर कोई हमारे देश में बम फेंके, तो क्या लोगों को पता नहीं चलेगा? उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक करने का दावा किया, लेकिन कुछ नहीं हुआ था। सर्जिकल स्ट्राइक कहीं नहीं देखी गई और किसी को उसके बारे में कोई जानकारी नहीं थी। कांग्रेस वर्किंग कमेटी की मीटिंग में पारित किए गए प्रस्ताव में कहा गया, ₹यह एक राष्ट्र के रूप में पाकिस्तान को सबक सिखाने और आतंकवाद पर निर्णायक रूप से अंकुश लगाने के लिए हमारी सामूहिक इच्छाशक्ति को प्रदर्शित करने का समय है।




"भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने 2019 के पुलवामा घटना के बाद पाकिस्तान पर भारत की सर्जिकल स्ट्राइक की प्रामाणिकता पर सवाल उठाने के लिए पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता चरणजीत सिंह चन्नी की आलोचना की।

# जो डर गया वो मर गया...फारूक अब्दुल्ला ने पर्यटकों से की वापस लौटने की अपील



❍ अब्दुल्ला ने मृतक के नाम पर हायर सेकेंडरी स्कूल का नाम बदलने की स्थानीय मांग का समर्थन किया और उपस्थित लोगों को आश्वासन दिया कि पार्टी प्रशासन के समक्ष यह मांग रखेगी।

एजेंसी

नयी दिल्ली। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों की बड़े पैमाने पर वापसी का आान करते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति आतंकवादियों के मुंह पर जोरदार तमाचा होगी और यह क्षेत्र की दृढ़ता का प्रमाण होगी। पहलगाम में एक शोक सभा में डॉ. अब्दुल्ला ने शोक संतप्त परिवार के साथ एकजुटता व्यक्त की और प्रतिकूल परिस्थितियों में लोगों की एकता की प्रशंसा की। उन्होंने क्षेत्र में शांति को बाधित करने का प्रयास करने वालों का जिक्र करते हुए कहा, लोगों की एकता और दृढ़ता के कारण उनके चेहरे काले पड़ जाएंगे। फारूक अब्दुल्ला ने दोहराया कि जम्मू-कश्मीर के लोग डरे हुए नहीं हैं। उन्होंने कहा, हम डरने वाले नहीं हैं। जम्मू-कश्मीर हमारा है और हम इस खूबसूरत भूमि को संजोकर रखेंगे और उसका निर्माण करेंगे जो अल्लाह ने हमें दी है। उन्होंने कहा कि हालात सामान्य हैं। ज्यादा से ज्यादा पर्यटकों को यहाँ आना चाहिए। उन्हें डरना नहीं चाहिए। 'जो डर गया वो मर गया'। मैं लोगों से अपील करता हूँ कि वे पहलगाम, गुलमर्ग, श्रीनगर और कटरा में माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए जरूर आएँ। हम आतंकवाद से थक चुके हैं।

## सम्पादकीय

### पाकिस्तानी और बांग्लादेशी, सुरक्षा के लिए खतरा ना बने अवैध नागरिक

पाकिस्तान ने जो मानवीय संकट खड़ा किया उसका संज्ञान लेकर भारत ने उनके लौटने की समय सीमा बढ़ाकर ठीक किया लेकिन यह भी समझना होगा कि वीजा अवधि खत्म होने के बाद भी यहां रह रहे पाकिस्तानी नागरिक सुरक्षा के लिए खतरा हो सकते हैं। इसलिए और भी क्योंकि ऐसे कई पाकिस्तानी मिल नहीं रहे। पहलगाम में आतंकी हमला कर पाकिस्तान ने किस तरह भारत में रह रहे, सगे-संबंधियों से मिलने आए अथवा उपचार करा रहे अपने नागरिकों के लिए भी मुश्किलें खड़ी कर दी, यह इससे पता चलता है कि ऐसे लोगों के वीजा रद होने के बाद उसकी ओर से उन्हें लेने में आनाकानी करना। उसने ऐसे लोगों के लिए एक दिन अपना गेट बंद रखा। जो भारतीय पाकिस्तान में रह रहे, उन्हें भी भारत लौटने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन उनकी संख्या कहीं कम है। भारत में तो ऐसे पाकिस्तानी नागरिकों की गिनती करना और उन्हें खोजना भी कठिन हो रहा है, जो भारत आए थे। इनमें से कुछ तो वर्षों और यहां तक कि दशकों से रह रहे थे। कई तो वीजा अवधि खत्म होने के बाद भी रह रहे थे। कुछ ऐसे भी निकले, जो भारत में भारतीयों जैसी सुविधाएं पा रहे थे और तो और वोट भी डाल रहे थे। आखिर ऐसा कैसे हो गया? समस्या केवल यह नहीं कि पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजना कठिन हो रहा है। समस्या यह भी है कि भारत में जन्मीं तमाम महिलाएं ऐसी हैं, जिनका विवाह पाकिस्तान में हुआ, लेकिन उन्हें वहां की नागरिकता नहीं मिली या उन्होंने ली ही नहीं। इनमें से कुछ ऐसी हैं, जिनके बच्चों को वहां की नागरिकता मिली हुई है। ऐसे बच्चे तो लौट पा रहे हैं, लेकिन माताएं नहीं। भारत को ऐसे जतन करने होंगे कि ऐसी महिलाएं बच्चों के साथ लौट सकें। पाकिस्तान ने जो मानवीय संकट खड़ा किया, उसका संज्ञान लेकर भारत ने उनके लौटने की समय सीमा बढ़ाकर ठीक किया, लेकिन यह भी समझना होगा कि वीजा अवधि खत्म होने के बाद भी यहां रह रहे पाकिस्तानी नागरिक सुरक्षा के लिए खतरा हो सकते हैं। इसलिए और भी, क्योंकि ऐसे कई पाकिस्तानी मिल नहीं रहे। कुछ ने तो छल-छद्म से भारतीय पहचान हासिल कर ली है। ऐसे भी प्रकरण हैं कि पाकिस्तानी महिला ने ऐसे भारतीय पुरुष से विवाह किया, जो सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील पद पर है। साफ है कि या तो आवश्यक नियम-कानूनों का अभाव है या फिर उनकी अनदेखी हो रही है। इसे भूला न जाए कि अतीत में कई पाकिस्तानी नागरिक भारत आए और फिर वे यहीं कहीं गुम हो गए। सामान्य स्थितियों में दोनों देशों के लोगों का आना-जाना लगा रहेगा और उनके प्रति नरमी बरतनी होगी, लेकिन भारत को यह तो देखना होगा कि ऐसा कुछ न हो, जो सुरक्षा के लिए खतरा बने।

## आज का विचार







**मेष राशिः** आपको नीरसता का अनुभव हो सकता है, लेकिन मार्गदर्शन से आप पुनः गति प्राप्त कर लेंगे. संतान के स्वास्थ्य पर ध्यान दें. आप विरोधियों पर बढ़त हासिल करेंगे. निवेशकों को सावधानी से आगे बढ़ना चाहिए. पेट की समस्या से परेशानी हो सकती है.

**वृषभ राशिः** सफलता और संतुष्टि का दिन कल आपका इंतजार कर रहा है. कल लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय आपको भविष्य में लाभ पहुंचाएंगे. छोटी यात्रा का योग है. अधीनस्थ सहयोगी रहेंगे और आपको भाई-बहन की सफलता का सकारात्मक समाचार मिलेगा. कानूनी मामले भी आपके पक्ष में आ सकते हैं.

**मिथुन राशिः** आपका संचार कौशल कल आपकी संपत्ति बनेगा, जो आपके पेशेवर प्रयासों को बढ़ाएगा. आपकी विनम्रता सकारात्मक रिश्तों को बढ़ावा देगी, परियोजना की प्रगति में तेजी लाएगी. जोड़े सार्थक बातचीत में संलग्न हो सकते हैं, जिससे उनका भावनात्मक बंधन मजबूत होगा.

**कर्क राशिः**आपके ऊपर चंद्रमा की कृपा बरसेगी. नई साझेदारियाँ आपको फायदा पहुंचाने का वादा करती हैं और आपकी ऊर्जा का स्तर बढ़ेगा. आपके समर्पण और उत्साह का प्रतिफल वित्तीय लाभ के रूप में मिलेगा.

**सिंह राशिः** आप पुराने दोस्तों के साथ फिर से जुड़ सकते हैं और सामाजिक समारोहों में डूब सकते हैं, जिससे आप ऊर्जावान और उत्साहित महसूस करेंगे. नए व्यावसायिक विचार उभर सकते हैं, जिससे अप्रत्याशित भौतिक लाभ होगा. बच्चे अपनी पढ़ाई के बारे में सकारात्मक समाचार ला सकते हैं

**कन्या राशि,** कल का राशिफल कल : सशक्त बनाता है, छोटे निवेश को बड़े मुनाफे में बदल देता है. आपकी कार्यकुशलता आसमान छूती है और सफलता अनायास ही मिलती है.

**तुला राशिः** चंद्रमा का शुभ प्रभाव आपको न्यूनतम प्रयास से भी सफलता की ओर ले जाएगा. पिछले निवेशों से सकारात्मक रिटर्न मिलता है, और आपके समर्पण को आपके पेशेवर और व्यक्तिगत दोनों क्षेत्रों में पुरस्कारों से मान्यता मिलती है.

**वृश्चिक राशिः** आप खुशहाली और अपनी परिस्थितियों पर नियंत्रण की भावना का अनुभव करेंगे. आपका नेटवर्क आपके पेशेवर प्रयासों में मूल्यवान साबित होगा और विदेश यात्रा के अवसर पैदा हो सकते हैं.

**धनु राशिः** अत्यधिक कार्यभार के कारण आपको थकान का अनुभव हो सकता है. इससे आलस्य और लापरवाही हो सकती है, इसलिए धैर्य रखना और फोकस बनाए रखना महत्वपूर्ण है. यदि आप किसी साहसिक यात्रा पर विचार कर रहे हैं, तो इसे कुछ समय के लिए स्थगित करने की सलाह दी जाती है. पिछले निवेशों से अपेक्षा के अनुरूप परिणाम नहीं मिल सकते हैं, और छात्रों से अतिरिक्त प्रयास करने का आग्रह किया जाता है.

**मकर राशिः** आपकी रचनात्मकता निखरेगी, जो आपको घर के नवीकरण परियोजनाओं को शुरू करने के लिए प्रेरित करेगी. आप अपने रहने या कार्यस्थल को ऊंचा उठाने, अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए साज-सज्जा या सजावट में निवेश कर सकते हैं. आपके जीवनसाथी के साथ सामंजस्य कायम रहने की संभावना है, जिससे शांतिपूर्ण घरेलू माहौल को बढ़ावा मिलेगा.

**कुंभ राशिः** संतुष्टि की भावना का अनुभव करेंगे क्योंकि आप अपनी आय और व्यय के बीच संतुलन बनाने में सफल रहेंगे, जिससे आपकी वित्तीय स्थिति मजबूत होगी. आपका नेटवर्क आपकी योजनाओं को क्रियान्वित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, और आपको भाई-बहनों और अधीनस्थों से बहुमूल्य समर्थन प्राप्त होगा.

**मीन राशिः** आप नींद की कमी के कारण सुस्ती और ध्यान केंद्रित करने में कमी का अनुभव कर सकते हैं, जो आपके लक्ष्यों की दिशा में आपकी प्रगति में बाधा बन सकता है.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# पाकिस्तानी सेना है आतंक की जड़, बड़ी कार्रवाई जरूरी

> **भारत सरकार ने राजनीतिक एवं कूटनीतिक स्तर पर जो कदम उठाए हैं वे पर्याप्त लगते हैं। सबसे बड़ा और सख्त कदम है सिंधु जल समझौते को रोकने का फैसला। भारत ने कहा है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद के विरुद्ध ठोस कार्रवाई नहीं करेगा तब तक यह समझौता रुका रहेगा। इसका तत्काल प्रभाव तो यह होगा कि भारत अब पाकिस्तान से नदियों के जल प्रवाह का डाटा शेयर नहीं करेगा।**

भारत में आतंकी घटनाएं पिछले लगभग 40-45 वर्षों से हो रही हैं, परंतु इनमें कुछ घटनाएं इतनी गंभीर रहीं कि उन्होंने तत्कालीन इतिहास को एक नया मोड़ दे दिया। बीते कुछ दशकों की घटनाओं पर दृष्टि डालें तो कुछ आतंकी हमले बहुत आहत करने वाले रहे। इनमें पहली घटना दिसंबर 2001 को हुई, जब जैश आतंकियों ने भारतीय संसद पर हमला किया। इस घटना को लेकर भारत में प्रबल आक्रोश पैदा हुआ। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा कि अब आर-पार की लड़ाई होगी। भारतीय सेना को आपरेशन पराक्रम के अंतर्गत पाकिस्तान पर हमले की तैयारी का निर्देश दिया गया, परंतु कुछ कारणों विशेषकर अंतरराष्ट्रीय दबाव के चलते राजनीतिक नेतृत्व उस फैसले से पीछे हट गया। लेफ्टिनेंट जनरल एचएस पनाग के अनुसार वह ऐसा अवसर था जब भारतीय सेना हर दृष्टि से पाकिस्तान को हराने में सक्षम थी, परंतु हम मौका चूक गएदूसरी बड़ी आतंकी घटना तब हुई, जब लश्कर ए तैयबा के आतंकियों ने नवंबर, 2008 को देश की आर्थिक राजधानी मुबंई में एक साथ कई स्थानों पर हमले किए। समुद्र के रास्ते शहर में घुसे आतंकियों ने 166 लोगों को मार दिया। इस हमले में 300 से ज्यादा लोग घायल हुए। यह भारत पर सबसे बड़ा आतंकी हमला था। दुर्भाग्य कहिए या तत्कालीन संप्रग सरकार की कमजोरी, इस भीषण आतंकी हमले का कोई जवाब नहीं दिया गया। आंतरिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए जरूर कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। जैसे नेशनल सिक्योरिटी गार्ड-



एनएसजी की इकाइयों को मुंबई, कोलकाता, चेन्नई और हैदराबाद में भी स्थापित किया गया। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी यानी एनआइए का गठन किया गया। मल्टी एजेंसी सेंटर की स्थापना हुई और तटीय सुरक्षा योजना बनाई गई, जिसके अंतर्गत समुद्री मार्गों को सुरक्षित किया गया। इसके उपरांत सितंबर 2016 में उड़ी में पाकिस्तानी आतंकियों के हमले में सेना के 18 जवानों ने अपनी जान गंवाई। इसके जवाब में गुलाम कश्मीर में सर्जिकल स्ट्राइक की गई। फिर फरवरी 2019 को पुलवामा में भीषण आतंकी वारदात हुई। यहां विस्फोटक से भरी एक गाड़ी से सीआरपीएफ के काफिले पर ऐसी टक्कर मारी गई कि 40 जवान बलिदान हुएक इस पर भारतीय वायुसेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए बालाकोट में आतंकियों के ठिकानों पर बमबारी की, जिसमें तमाम आतंकी मारे गए। पहलगाम की घटना इसी कड़ी में एक और बेहद बर्बर घटना है। पहलगाम में आतंकियों ने 26 पर्यटकों की हत्या कर दी। पर्यटकों से उनका नाम और मजहब पूछा गया और यह सुनिश्चित करने के बाद कि वे मुसलमान नहीं, उनकी हत्या की गई। ऐसा पहली बार हुआ। इस घटना से आक्रोश भी हुआ और हैरानी भी। हैरानी इसलिए, क्योंकि दिल्ली और श्रीनगर से जो सरकारी बयान आते थे, उनसे ऐसा लगता था कि हालात सामान्य हो रहे हैं। उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने 25 फरवरी 2025 को कहा था कि आतंकी संगठनों में स्थानीय लड़कों की भर्ती अब शून्य हो गई है। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार घाटी में केवल 59 आतंकी सक्रिय हैं। यह भी बताया गया कि 2024 में 75 आतंकियों का उन्मूलन किया गया। ऐसा प्रतीत होता है कि सतह के नीचे आतंक-अलगाव की लहर चल रही थी, जिसका आकलन खुफिया विभाग नहीं कर पाया। सुरक्षा व्यवस्था में कुछ कमजोरी अवश्य थी, जिसके बारे में आवश्यक जांच हो रही है। प्रारंभिक जांच में 15 स्थानीय लोगों का हाथ इस आतंकी हमले में पाया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने चेतावनी दी कि आतंकियों की पहचान की जाएगी और उनके साथ उन्हें भेजने वालों को दंडित किया जाएगा और इसके लिए धरती के हर कोने तक उनका पीछा किया जाएगा। उन्होंने साफ कहा कि दोषियों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलकर रहेगी और आतंकियों की बचीखुची जमीन को मिट्टी में मिलाया जाएगा। भारत सरकार ने राजनीतिक एवं कूटनीतिक स्तर पर जो कदम उठाए हैं, वे पर्याप्त लगते हैं। सबसे बड़ा और सख्त कदम है सिंधु जल समझौते को रोकने का फैसला। भारत ने कहा है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद के विरुद्ध ठोस कार्रवाई नहीं करेगा, तब तक यह समझौता रुका रहेगा। इसका तत्काल प्रभाव तो यह होगा कि भारत अब पाकिस्तान से नदियों के जल प्रवाह का डाटा शेयर नहीं करेगा। इससे पाकिस्तान को जल प्रबंधन की जानकारी नहीं मिल सकेगी। जहां तक पानी रोकने का सवाल है, उसमें तो समय लगेगा, क्योंकि उसके लिए जलाशय बनाने होंगे, हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट खड़े करने होंगे। जब ये योजनाएं कार्यान्वित हो जाएंगी और भारत पानी के प्रवाह को रोकेगा तो पाकिस्तान में हाहाकार मचेगा। आज सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि सामरिक स्तर पर भारत क्या कर्रवाई करेगा? अतीत में हम सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक कर चुके हैं, परंतु उनका कोई दूरगामी परिणाम नहीं निकला। कुत्ते की दुम टेढ़ी की टेढ़ी ही रहती है, आप उसे कितना भी सीधा करने का प्रयास कर लेंक हमें यह समझना होगा कि आतंक का स्रोत पाकिस्तान की सेना और उसकी खुफिया एजेंसी आइएसआइ है। जब तक इन दोनों पर चोट नहीं की जाती, तब तक पाकिस्तान आतंकवाद का धंधा करता करता रहेगा और भारत को तंग करता रहेगा। आवश्यकता इसकी है कि पाकिस्तान सेना की कमर तोड़ दी जाए और आइएसआइ को ध्वस्त कर दिया जाए। जब तक ऐसा नहीं होगा, पाकिस्तान अपनी आदत से बाज नहीं आएंगेक हमें अपने सुरक्षा तंत्र को और सुदृढ़ करना होगाक सीमा की सुरक्षा, गोपनीय सूचनाओं को एकत्र करने और खतरा होने पर सुरक्षा बलों द्वारा तात्कालिक कार्रवाई, इन सभी में भी सुधार अपेक्षित है। अब हमें हर स्तर पर चेत जाना चाहिए, क्योंकि पानी सिर के ऊपर चला गया है। उम्मीद है कि इस बार भारत सही मायने में पराक्रम दिखाएगा- कागज पर नहीं, संसद में भाषण देकर नहीं, बल्कि वास्तव में। अब पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को भी वापस लेने का समय आ गया है। पाकिस्तान के कुछ नेता बार-बार परमाणु बम के इस्तेमाल की धमकी देते हैं। पाकिस्तान को पता होना चाहिए कि भारत तो परमाणु बम की विभीषिका झेल लेगा, परंतु उसका अस्तित्व ही मिट जाएगा।

# हिंसा और नफरत की बुनियाद पर बैठा पाकिस्तान

**संजीव ठाकुर**

किसी बात से असहमत होना और उसका हिंसात्मक विरोध करना दोनों अलग-अलग पहलू है। पर पाकिस्तान ऐसा देश है जिसकी पैदाइश ही नफरत और हिंसा के आधार पर हुई है। स्वतंत्रता के बाद जिन्ना ने पाकिस्तान में आतंकवाद का बीज बोया था। पाकिस्तान का यह बड़ा दुर्भाग्य रहा है कि वहां 18 निर्वाचित प्रधानमंत्री में से किसी एक प्रधानमंत्री ने भी अपना पूरा 5 साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया। वहां मिलिट्री सत्ता ने हीं स्वतंत्रता के बाद पूरे 76 साल अपनी हुकूमत रखी और भारत के साथ नफरत करके लगातार तीन युद्ध हारा, अभी पाकिस्तान में हालात ये हैं कि उसके पास पीने के लिए पानी नहीं खाने के लिए रोटी दाल आटा भी नहीं है पेट्रोल डीजल और बिजली के दाम आसमान छूने लगे हैं पूरा देश कंगाली के दौर पर गुजर रहा है और इसके बाद भी वह आतंकवादियों का पोषक बना हुआ है और लगातार पूरे विश्व में पाकिस्तान के समर्थित आतंकवादी विध्वंस का काम कर रहे हैं। पहलगाम में आतंकवादियों ने 27 निर्दोष भारतीय पर्यटकों की निर्मम हत्या कर भारत सरकार एवं भारत के नागरिकों को उद्वेलित कर दिया अब भारत पाकिस्तान को समूल नष्ट करने की विचारधारा पर आ गया है किसी भी हाल में भारत सरकार और देश के नागरिक पाकिस्तान को बर्दाश्त करने की स्थिति में नहीं हैं। वर्तमान में पाकिस्तान के अस्तित्व पर संकट छा गया और उसका भविष्य खतरे में आ गया पाकिस्तान अपने आतंकवादियों के साथ नष्ट होने के कगार पर पहुंच चुका है। पूरा विश्व पाकिस्तान के विरोध में भारत के साथ खड़ा होकर भारत का समर्थन कर रहा है अब शायद पाकिस्तान और आतंकवाद का बचना लगभग नामुमकिन हैविचारों से असहमति और विरोध का सबसे क्रूर और हिंसात्मक ताजा ताजा परिणाम



फिलिस्तीन इजरायल युद्ध के रूप में सामने आया है जिसमें 30,000 लोगों की जान चली गई11और50,000 लोगों से ज्यादा घायल मानव शरीर कराह रहे हैं, दूसरी तरफ रूस यूक्रेन युद्ध ने दोनों देशों के लाखों लोगों को बेघर कर दिया है और हजारों लोगों की जान चली गई है। आखिर मानवता को क्या हो गया है इंसान इंसान का इतना बड़ा दुश्मन कैसे बन गया है। लोग एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए हैं। वैश्विक शांति में खलबली मच गई है। धरती विश्व युद्ध की ओर बढ़ रही है। ऐसे में भारत जैसे देश को भी सावधान और सतर्क हो जाना चाहिए उसके परंपरागत शत्रु चीन और पाकिस्तान भी हमेशा भारत की सीमा में घात लगाए बैठे रहते हैं और आक्रमण का खतरा भी सदैव बना रहता है। आइये भारत पर एक रचनात्मक विश्लेषण करते हैं

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक, प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है। वैचारिक चिंतन, प्रभुद्धता लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं, राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया, प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर आप सहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्ट्रीय संपत्ति की बबार्दी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है। यह राष्ट्र के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है। आंदोलन का स्वरूप सदैव शांति पूर्वक हो तो राष्ट्र तथा आमजन के हित में ही होगा। आंदोलनकारियों को शायद यह गुमान नहीं है कि राष्ट्रीय सरकारी संपत्ति आपके द्वारा दिए गए टैक्स के रूप में रुपयों से ही निर्मित होती है, इसे नष्ट करके आप स्वयं अपनी संपत्ति का नुकसान ही कर रहे हैं। आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैं देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं, जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाती ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू मुस्लिम जाति संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमां चुका है, वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है। और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दी तक भारत आक्रांत रहा है। आजादी के बाद से ही भाषा विवाद को लेकर कई आंदोलन हुए खासकर दक्षिण भारत राज्यों द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने एवं देश पर हिंदी थोपे जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शनों को प्रोत्साहित किया गया। आज भी विभिन्न राज्यों में भाषाई विवाद एक ज्वलंत एवं संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है, चाहे वह बंगाल हो, तमिलनाडु हो, आंध्र प्रदेश हो, उड़ीसा और महाराष्ट्र में भी भाषाई विवाद अलग-अलग स्तर पर सतह पर पाए गए हैं। समान सिविल संहिता को लेकर बहुसंख्यक संविधान में आक्रोश है दूसरी तरफ अल्पसंख्यक समुदाय इसलिए डरा हुआ है कि कहीं उसकी अपनी अस्मिता एवं पहचान अस्तित्व हीन ना हो जाए।

# मायने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के

**सुरेश सिंह बैस शाश्वत**

अभिव्यक्ति की आजादी की आवश्यकता तो बरसों से महसूस की जा रही थी। विश्व के प्रायः प्रत्येक देशों में तानाशाही प्रवृत्ति बढ़ रही थी तो वंही शासनाध्यक्षों द्वारा प्रेस की आजादी और उनके कर्मियों के कार्यों में अनुचित रूप से दखलअंदाजी और दबाव का प्रचलन आम हो चुका था। और यही वह बात थी जब प्रेस की आजादी की आवाजें भारत सहित सारी दुनिया में उठने लगी थी ! जब तक के भारत में अंग्रेज शासन था तब तक अंग्रेजों ने देश की स्वतंत्रता का पूरी तरह से हनन करके रखा हुआ था ! प्रेस पर उनका अंकुश था। अभिव्यक्ति की आजादी तो मानो थी ही नहीं ,अगर कोई थोड़ा भी कुछ न्याय की बातें करता तो उसे या तो मार दिया जाता या जेल में ठूंस दिया जाता था ! भारत की स्वतंत्रता पश्चात प्रेस को संविधान के अनुरूप पूरी तरह से स्वतंत्र कर दिया गया और प्रेस और मीडिया के हर लेखक कवि स्वतंत्र हवा में खुलकर अपनी बातें रखने लगे ! वैसे भी भारत के काल में ऐसा देखने को आने लगा कि भारत की आजादी के बाद प्रेस की स्वतंत्रता और जब उनकी कमजोरियों और उनके गलत निर्णयों पर उंगलियां उठने लगीं तो अंकुश की प्रवृतियां इनमें भी जाग उठी। शासन और सरकार के मध्य में प्रेस पर और उसकी आजादी पर लोगों की अभिव्यक्ति पर तरह-तरह के प्रयोग किए जाने लगे और उन्हे दबाने का प्रयास किया जाने लगा। हर यही वह समय था जब वैश्विक रूप से प्रेस की आजादी और स्वतंत्रता के लिए हर तरफ से आवाजें उठने लगी जिन पर ध्यान देने की अत्यंत आवश्यकता थी। इस पर पहले संयुक्त राष्ट्र सभा की तुरंत पहल करते हुए आवश्यक बैठक आहूत की गई और इस बैठक में यह निर्णय लिया गया की प्रेस की स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की आजादी के लिए कानूनी का होना आवश्यक है, और प्रेस की स्वतंत्रता का सुरक्षित रहना भी अत्यंत आवश्यक है।

तब संयुक्त राष्ट्र महासभा एवं यूनेस्को के संयुक्त तत्वाधान में जन सूचना विभाग ने सर्वप्रथम 3 मई 1991 को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस या सिर्फ विश्व प्रेस दिवस के रूप में इसे घोषित किया। 3 मई को सर्वप्रथम प्रेस की स्वतंत्रता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सरकारों को अधिकार का सम्मान करने और बनाए रखने के उनके कर्तव्य की याद दिलाने के लिए इसे मनाया गया। फिर 1948 के मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा के अनुच्छेद 19 के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और विंडहोक घोषणा की वर्षगांठ को चिह्नित करने के लिए, अफ्रीकी अखबार के पत्रकारों द्वारा एक साथ रखे गए स्वतंत्र प्रेस सिद्धांतों का एक बयान 1991 में विंडहोक के नाम से संस्था स्थापित की गई जो अनुच्छेद 19 , एक अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन है, जो दुनिया भर में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सूचना की स्वतंत्रता की रक्षा और बढ़ावा देने के लिए काम करता है। इसकी स्थापना 1987 में हुई थी। संगठन का नाम मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा के अनुच्छेद 19 से लिया गया है, जिसमें कहा गया हैः---₹सभी को राय और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है; अधिकार में बिना किसी हस्तक्षेप के राय रखने और सीमाओं की परवाह किए बिना किसी भी मीडिया के माध्यम से जानकारी और विचार प्राप्त करने, और प्रदान करने की स्वतंत्रता शामिल है। यह ₹विंडहोक ₹नाम संगठनों में एक प्रवृत्ति का एक उदाहरण है, जिसका नामकरण संधियों और कानून के वर्गों के बाद किया जाता है, कुछ ऐसा जिसे जाचरी एल्किन्स ने ₹अध्याय-कविता ब्रांडिंग₹ कहा है। यह दिन पत्रकारों के खिलाफ अपराधों के लिए दण्ड से मुक्ति के स्तर की ओर ध्यान आकर्षित करता है, जो विश्व स्तर पर बहुत अधिक है। यूनेस्को की मारे गए पत्रकारों की रपट के अनुसार, 2006 और 2020 के बीच, दुनिया भर में लगभग बारह सौ से अधिक पत्रकार मारे गए।

# फडणवीस सरकार के गले की हड्डी बनी लाडकी बहिन योजना

- लाडली बहिन योजना के लिए अन्य विभागों के फंड में कटौती की गई
- महिला विकास मंत्री ने अप्रैल की किस्त जल्द मिलने की जानकारी दी




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः मुख्यमंत्री लाडकी बहिन योजना सरकार के गले की हड्डी बन गई है।लाडली बहनों को पैसा देने के लिए वित्त विभाग ने आदिवासी विकास विभाग और अनुसूचित जाति और नवबौद्ध समुदायों के लिए निर्धारित सामाजिक न्याय विभाग की रकम को डायवर्ट किया है।वित्त विभाग की माने तो दूसरे विभाग के फंड डायवर्ट किए बिना लाडली बहनों को पैसा देना संभव नहीं है।कब शुरू हुई थी लाडकी बहिन योजनागौरतलब है कि विधानसभा चुनाव से पहले महायुति सरकार ने मुख्यमंत्री लाडकी बहिन योजना शुरू की।तब सरकार ने लाडली बहनों को हर माह 1500 रुपये देने का निर्णय लिया।चुनाव प्रचार के दौरान यह रकम बढ़ाकर 2100 करने का वादा इस सरकार ने किया था।अप्रैल की किस्त का लाडली बहनें इंतजार कर रही हैं। राज्य की महिला बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि पात्र लाभार्थी बहनों के आधार लिंक बैंक खातों में अप्रैल माह की किस्त जमा करने की प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू की जा रही है। यह प्रक्रिया अगले 2 से 3 दिनों में पूरी हो जाएगी और सभी पात्र लाभार्थियों को धनराशि सीधे उनके खातों में प्राप्त हो जाएगी। आम तौर पर लाडली बहन योजना की पात्र महिला लाभार्थियों के खाते में माह के अंतिम सप्ताह में किस्त का भुगतान किया जाता है

# 'युद्ध के कगार पर खड़े देश को छोड़कर इधर-उधर घूम रहे हैं ढट नरेंद्र मोदी', उद्धव सेना के नेता संजय राउत का बड़ा हमला

## संजय राउत ने पीएम मोदी पर चुनावी रैलियों में व्यस्त रहने का आरोप लगाया

- राउत ने अमित शाह के इस्तीफे की मांग की और सुरक्षा चूक का आरोप लगाया
- संजय राउत ने कश्मीर में पिछले 10 सालों में हुए हमलों को शाह से जोड़ा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई/पुणेः शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने पहलगाम टेरर अटैक को लेकर प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने पीएम मोदी पर चुनावी रैलियों में व्यस्त रहने का आरोप लगाया। राउत ने युद्ध वार्ता के दौरान पीएम मोदी को अडानी के साथ देखे जाने पर अपनी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने गृह मंत्री के 'घर में घुसकर मारने' के रुख पर भी सवाल उठाया। राउत ने अमित शाह के इस्तीफे की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए।



### प्रधानमंत्री पर बोला हमला

संजय राउत ने पुणे में पत्रकारों से कहा कि कश्मीर में भीषण नरसंहार हुआ। हमारे प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान को सबक सिखाया जाएगा। लेकिन कुछ ही दिनों बाद उन्होंने मुंबई में बॉलीवुड हस्तियों के साथ नौ घंटे बिताए। उन्होंने बिहार में भी प्रचार किया और गौतम अडानी (केरल में) के एक बंदरगाह का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री पहले ह्यविश्व दृश्य श्रव्य एवं मनोरंजन सम्मेलन (वेव्स) के उद्घाटन के लिए गुरुवार को मुंबई में थे। राउत ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री का व्यवहार पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की तैयारी कर रहे व्यक्ति की गंभीरता को नहीं दर्शाता।

### संबंधित स्टोरीज

पाकिस्तानी लड़की से निकाह वाली बात छिपाकर रखी... उफढ्ऋ जवान मुनीर अहमद बर्खास्त, जानें पूरा मामलाप्रधानमंत्री के हावभाव शिवसेना यूबीटी नेता ने कहा कि वह खुश मिजाज हैं और हम इस बात को लेकर चिंतित हैं कि पाकिस्तान को कैसे जवाब दिया जाए।शिवसेना (यूबीटी) नेता ने कहा कि लड़ाकू विमान भले ही उड़ान भर रहे हों और अभ्यास जारी हो लेकिन चीन और पाकिस्तान जैसे पड़ोसियों वाले देश के लिए इस तरह के अभ्यास करना आम बात है। उन्होंने कहा कि मैं रक्षा विशेषज्ञ नहीं हूं, लेकिन प्रधानमंत्री के हावभाव को देखकर ऐसा नहीं लगता कि वह युद्ध की तैयारी कर रहे हैं।

अमित शाह से पूछे सवाल

यह पूछे जाने पर कि क्या भारत मौजूदा स्थिति में युद्ध का जोखिम उठा सकता है? राउत ने कहा कि युद्ध को लेकर बयानबाजी विपक्ष नहीं, बल्कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) कर रही है।

फास्ट ट्रैक

# बेटी के लिए बनाई रील, उसमें कैद हुए पहलगाम के आतंकी! पिता ने एनआईए को सौंपा वीडियो

**पहलगाम हमले के बाद आतंकियों की कश्मीर में तलाश के लिए चप्पा-चप्पा खंगाला जा रहा है। एनआईए ने काफी सबूत भी जुटाए हैं। पुणे के श्रीजीत रमेशन में एक ऐसा ही वीडियो एनआईए को सौंपा है जिसमें दो आतंकियों के रिकॉर्ड होने की दावा किया गया है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

श्रीनगर/पुणेः पहगाम हमले की जांच में यह सामने आया है कि आतंकियों ने रेकी और पूरी तैयारी के बाद टूरिस्ट पर हमला किया था।एनआईए की जांच के बीच पुणे के निवासी श्रीजीत रमेशन ने एनआईए को एक ऐसा वीडियो सौंपा है।जिसमे पहलगाम आतंकी हमले को अंजाम देने वाले आतंकियों जैसे दो संदिग्ध कैद हुए हैं।रमेशन ने यह वीडियो अपनी बेटी की रील बनाने के लिए हमले से चार दिन पहले बैसरन वैली में रिकॉर्ड किया था।पहलगाम अटैक की जांच कर रही एनआईए के साथ रमेशन ने काफी इनपुट साझा किए हैं।रमेशन का कहना है कि उन्होंने दो हलगाम आतंकी हमले से पहले उन्हें देखा था।वीडियो में कैद हुए दो आतंकी !रमेशन के अनुसार वह 18 अप्रैल को पहलगाम की बैसरन वैली गए थे।तब उन्होंने वहां पर अपनी बेटी की रील तैयार करने के लिए कुछ वीडियो रिकॉर्ड किए थे।इसमें रमेशन की छोटी बेटी डांस कर रही है।तभी पीछे से दो संदिग्ध गुजरते हैं।जिनका हुलिया पूरी तरीके से दो आतंकियों से मिल रहा है।रमेशन का कहना है कि पहलगाम के दो संदिग्ध आतंकियों को गलती से रिकॉर्ड किया। रमेशन पत्नी के साथ 18 अप्रैल को काफी देर बैसरन में रुके थे।हमले के बाद जैसे ही आतंकियों की फोटो रिलीज हुई तो रमेशन ने उन्हें पहचान लिया।श्रीजीत रमेशन के अनुसार यह क्लिप चल रही जांच में अहम साबित हो सकती है।दो आतंकियों के चेहरे मिलेरमेशन 18 अप्रैल को बैसरन गए थे। इसके बाद वह पहलगाम में पड़ने वाली बैसरन वैली गए थे।उन्होंने अपने वीडियो को लेकर तमाम तथ्य एनआईए को दिए हैं। जो यह साबित करते हैं कि वह 18 अप्रैल को बैसरन में थे।रमेशन के अनुसार उन्होंने यह वीडियो 18 अप्रैल को 2:38 बजे शूट किया था।रमेशन का कहना है क जिस तरह से ये लोग हमारे पास से गुजरे, वह संदिग्ध लग रहे थे।रमेशन ने कहा कि बैसरन घाटी में कोई सुरक्षा बल नहीं थे।रमेशन का कहना है कि जब वह जम्मू और श्रीनगर हवाई अड्डों पर उतरे थे, तो सुरक्षा बेहद कड़ी थी। शहरों में सशस्त्र सीआरपीएफ के जवान तैनात थे।हालांकि, पहलगाम शहर से लगभग 5.5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित बैसरन घाटी में सुरक्षा नहीं थी।

# पिता बने डोनर, लिवर ट्रांसप्लांट की थी तैयारी, पर मुंबई की लड़की के साथ हुआ चमत्कार कि हर कोई हैरान

मुंबईः हेपेटाइटिस ए से गंभीर रूप से पीड़ित 19 वर्षीय कुपेक्षा बारी की हालत इतनी बिगड़ गई थी कि डॉक्टरों ने लिवर ट्रांसप्लांट की सलाह दे दी। अपनी बेटी की जान बचाने के लिए पिता ने बेझिझक लिवर का हिस्सा दान करने का निर्णय लिया। लेकिन तभी डॉक्टरों की कोशिशें रंग लाईं और चमत्कारिक रूप से बेटी की तबीयत सुधरने लगी। अंततः बिना सर्जरी और बिना लिवर ट्रांसप्लांट के ही वह ठीक हो गई।ण्मलेरिया होने के बाद बिगड़ती गई हालतदहानू के चिंचनी गांव की रहने वाली कुपेक्षा बीएससी सेकंड ईयर की छात्रा हैं।कुपेक्षा की मां का देहांत हो चुका है।कुपेक्षा के मामा मिलिंद बारी ने बताया कि भांजी को शुरूआत में मलेरिया हुआ था

# माननीय रेल मंत्री ने पुणे (हडपसर)-जोधपुर एक्सप्रेस और एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-जोधपुर (भगत की कोठी) एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



दिनांक 03.05.2025 को श्री अश्विनी वैष्णव, माननीय रेल मंत्री, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी ने पुणे (हडपसर)-जोधपुर एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-जोधपुर (भगत की कोठी) एक्सप्रेस को पुणे रेलवे स्टेशन पर माननीय केंद्रीय सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री श्री मुरलीधर मोहोल, माननीय सांसद श्रीमती मेधा कुलकर्णी और माननीय विधायक श्री सुनील कांबले की गरिमामयी उपस्थिति में हरी झंडी दिखाई।श्री गजेंद्र सिंह शेखावत, माननीय केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री, सुश्री वनिता सेठ, माननीय महापौर, जोधपुर; इस अवसर पर जोधपुर रेलवे स्टेशन पर माननीय सांसद श्री राजेंद्र गहलोत, श्री लुम्बाराम चौधरी, माननीय विधायक श्री अतुल भंसाली, श्री देवेंद्र जोशी उपस्थित थे।

माननीय केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कर्यक्रम में शामिल हुए।

मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री धर्म वीर मीना ने गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया तथा नई रेल सेवाओं के बारे में जानकारी दी।

नई ट्रेन सेवाओं के लाभः

1. महाराष्ट्र/तमिलनाडु और राजस्थान के बीच सीधी यात्रा
2. व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा मिलेगा, पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा
3. क्षेत्रों के बीच व्यापार और व्यवसायिक संपर्क को बढ़ावा मिलेगा
4. यात्रियों, खासकर लंबी दूरी के यात्रियों के लिए समय और मेहनत की बचत होगी
5. सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्रीय एकता को मजबूती एवं प्रोत्साहन मिलेगा

हडपसर (पुणे)-जोधपुर एक्सप्रेस के उद्घाटन रन का विवरण इस प्रकार हैः

उद्घाटन ट्रेन संख्या 01401 हडपसर (पुणे)-जोधपुर एक्सप्रेस दिनांक 03.05.2025 को पुणे से 17:30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 14:00 बजे जोधपुर पहुंचेगी।

हडपसर और जोधपुर के बीच नियमित रेल सेवाओं का विवरण इस प्रकार हैः

ट्रेन संख्या 20496 हडपसर-जोधपुर एक्सप्रेस दिनांक 06.05.2025 से प्रतिदिन 19.15 बजे हडपसर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 15:10 बजे जोधपुर पहुंचेगी।

ट्रेन संख्या 20495 जोधपुर-हडपसर एक्सप्रेस दिनांक 05.05.2025 से प्रतिदिन 22:00 बजे जोधपुर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 17:10 बजे हडपसर पहुंचेगी।

नियमित ट्रेन सेवा के लिए ठहरावः पुणे, चिंचवड़, लोनावला, कल्याण, वसई रोड, वापी, सूरत, वडोदरा, गेरतपुर, अहमदाबाद, महेसाणा, पालनपुर, अबू रोड, पिंडवाड़ा, जवाई बांध, फालना, रानी, मारवाड़ जंक्शन, पाली मारवाड़ और लूनी,

नियमित ट्रेन के लिए संरचनाः दो वातानुकूलित -2 टियर, तीन वातानुकूलित -3 टियर, दो वातानुकूलित-3 टियर इकॉनमी, 7 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 1 सामान्य द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेक वैन और 1 जेनरेटर वैन।

आरक्षणः नियमित ट्रेन संख्या 20496 के लिए बुकिंग दिनांक 05.05.2025 से सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केंद्रों और वेबसाइट www.irctc.co.in पर उपलब्ध होगी।

# पाकिस्तान और बांग्लादेश के झंडे पर पेशाब करो, पर फिलिस्तीन हमारा धर्म... सपा नेता अबु आजमी का विवादित बयान

- अबू आजमी ने नए वक्फ कानून का विरोध किया
- फिलिस्तीन का झंडा जलाने पर अबू आजमी का विरोध
- अबु आजमी ने पहलगाम आतंकी हमले पर भी दिया बयान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई : समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता अबू आजमी ने वक्फ कानून को लेकर बयान दिया है। अबू आजमी मुंबई में मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्यों के साथ राजभवन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए वक्फ कानून के सवाल पर कहा कि हम ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के नेतृत्व के पीछे हैं। हम उन्हें फॉलो करते हैं। मुस्लिम अल्पसंख्यकों का जो भी मुद्दा है, वह मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड द्वारा तय किया जाता है और उसी के तहत हम आज मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्यों के साथ राजभवन आए हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि फिलिस्तीन हमारा है।

अबु आजमी ने कहा कि हम नए वक्फ कानून का विरोध करते हैं।ज्ञापन सिर्फ महाराष्ट्र में ही नहीं बल्कि पूरे भारत में दिया जा रहा है।हमें राजभवन से यह आश्वासन मिला है कि आपका संदेश दिल्ली में भारत के राष्ट्रपति तक पहुंचा दिया जाएगा।संबंधित स्टोरीजहिमांशी नरवाल से प्रेरणा ले पूरा देश...फारूक अब्दुल्ला पर भड़कींचीफ महबूबा मुफ्ती क्या बोलींपाकिस्तानी लड़की से निकाह वाली बात छिपाकर रखी... जवान मुनीर अहमद बर्खास्त, जानें पूरा मामलाविभाग से मिले बिना पाकिस्तानी लड़की से किया निकाह, जवान पर हो सकती है

पश्चिम रेलवे
विभिन्न विद्युत कार्य

उप मुख्य विद्युत अभियंता (डब्ल्यू), पश्चिम रेलवे कैरेज मरम्मत वर्कशॉप, एन. एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई – 400 013 द्वारा **निविदा सूचना क्र. : ईएल/डब्ल्यूए/पीएल/2024-25/51आर** आमंत्रित की जाती है. **कार्य का नाम : लोअर परेल वर्कशॉप, पश्चिम रेलवे में दो वर्षों हेतु दरों की अनुसूची और कार्य के विस्तार के अनुसार अलार्म चेन पुलिंग इंडिकेशन लाइट की आपूर्ति, स्थापना, क्रियान्वयन और परीक्षण. मात्रा : 288 कोचेस. स्थान** : उपरोक्त निर्दिष्ट. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 15,99,487.55. **ईएमडी** : रु. 32,000/-. **जमा करने की तिथि एवं समय** : 20.05.2025 को 12.00 बजे तक. **खुलने की तिथि एवं समय** : 20.05.2025 को 12.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0108

Like us on : facebook.com/WesternRly

मध्य रेल
भुसावल मंडल

**ई - निविदा आमंत्रण सूचना सं. :- बीएसएल-टीआरएस-टेन्डर-2025-05 दिनांक 02/05/2025**

**कार्य का विवरण:** इलेक्ट्रिक लोको शेड भुसावल में 02 वर्षों के लिए मेसर्स DANI मेक माइक्रोप्रोसेसर डिज़ाल्वड गैस एनालाइज़र (मॉडल संख्या: GC-1000) का वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **अनुमानीत लागत:** Rs. 4,08,896.20/- **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 02.06.2025 को 15:00 बजे. निविदा दस्तावेज़ बयाना राशि के संबंधित मूल्यों के विस्तृत सूचना के बारे में और विस्तृत निविदा शर्तों के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(टीआरएस)
APEX-07 मध्य रेल, भुसावल

Download UTS App for Tickets

# रेल से करें चार धाम की यात्रा

## चार धाम यात्रा के लिए चलाई जा रही भारत गौरव डीलक्स ट्रेन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क





जबलपुर ।बद्रीनाथ, जगन्नाथ पुरी, रामेश्वरम और द्वारका देश की चार दिशाओं में अवस्थित चार ऐसे धाम हैं जहां की यात्रा करना हर भारतीय की चाहत होती है।देश के इन चारों धाम की यात्रा रेल से कर पाना संभव है।इसके लिए भारतीय रेल द्वारा भारत गौरव डीलक्स टूरिस्ट ट्रेन चलाई जा रही है। भारतीय रेल द्वारा इससे पहले भी दो बार चारों धाम को जोड़ने के लिए भारत गौरव डीलक्स टूरिस्ट ट्रेन चलाई जा चुकी है।इस वर्ष दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से 27 मई को 17 दिवसीय चारों धाम भारत गौरव डीलक्स यात्रा की शुरूआत होगी। इसके तहत बद्रीनाथ, माना गांव, नरसिंह मंदिर, जोशीमठ, ऋषिकेश, जगन्नाथ मंदिर, पुरी समुद्र तट, कोणार्क सूर्य मंदिर, चंद्रभागा समुद्र तट, रामेश्वरम में रामनाथ स्वामी मंदिर और धनुषकोड़ी तथा द्वारका में द्वारकाधीश मंदिर, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग तथा भेंट द्वारका जैसी जगहों का भ्रमण कराया जाएगा। इस यात्रा में जाने वाले यात्रियों को वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर, पुणे में भीमशंकर मंदिर और नासिक में त्रंबकेश्वर मंदिर का भ्रमण भी कराया जाएगा।17 दिनों की यात्रा के दौरान सभी भक्त 8425 किलोमीटर की यात्रा करेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन में कई आधुनिक आरामदायक फीचर जोड़े गए हैं जिसमें दो डायनिंग रेस्टोरेंट, एक मॉडर्न किचन और स्नान के लिए क्यूबिक स्नानघर शामिल हैं। सभी कोच में बायो टॉयलेट युक्त वॉशरूम की व्यवस्था की गई है।यात्रियों की सहूलियत के लिए फुटमसाजर भी लगाए गए हैं।पूरी तरह से वातानुकूलित इस ट्रेन में फर्स्ट एसी, सेकंड एसी और थर्ड एसी में टिकट बुक कराई जा सकती है।ट्रेन में यात्रियों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे और सिक्योरिटी गार्ड की व्यवस्था भी की गई है।इस ट्रेन का संचालन भारतीय रेल कैटरिंग एवं टूरिज्म कारपोरेशन के माध्यम से किया जाएगा।टिकटों की बिक्री भी आईआरसीटीसी के वेबसाइट से ही की जाएगी। इसके लिए एक पैकेज रेट का निर्धारण किया गया है जिसमें जर्नी टिकट के साथ-साथ तीन सितारा होटल में रहने, तीनों टाइम का भोजन, साइटसींइग की पूरी व्यवस्था, ट्रैवल इंश्योरेंस और टूर मैनेजर की सेवा शामिल है। इस ट्रेन में बुकिंग के लिए 150 सीटें उपलब्ध है जिसे पहले आओ,पहले पाओ आधार पर बुक किया जाएगा। ट्रेन के संबंध में विस्तृत जानकारी भारतीय रेल कैटरिंग एवं टूरिज्म कारपोरेशन के वेबसाइट पर तथा उनके वेब पोर्टल पर उपलब्ध है। भारतीय रेल के कार्यकारी निदेशक सूचना एवं प्रचार दिलीप कुमार ने बताया कि देश के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों को जोड़ने के उद्देश्य से भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन का परिचालन किया जाता है।इन ट्रेनों के संचालन से विभिन्न धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान का भ्रमण कर पाना आसान हुआ है।

पश्चिम रेलवे
विभिन्न सिग्नलिंग कार्य

उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (निर्माण), बीआरसी, द्वारा खुली **निविदा सूचना क्र.: एस एंड टी/सी/बीआरसी/138/2024-25 आमंत्रित की जाती है. कार्य का नाम एवं स्थान : उप सीएसटीई निर्माण वडोदरा मंडल, गुजरात पश्चिम रेलवे अंतर्गत गेज परिवर्तन कार्य के प्रावधान के संबंध में जंबूसर और सामनी अनुभाग में विभिन्न इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग सिस्टम की आपूर्ति, अधिष्ठापन, परीक्षण और क्रियान्वयन के साथ-साथ एक्सल काउंटर के साथ बीपीएसी प्रोविंग के साथ जंबूसर और सामनी स्टेशनों पर न्यू हॉट स्टैण्डबाय इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम की डिजाइन, आपूर्ति, अधिष्ठापन, प्रोग्रामिंग, परीक्षण और क्रियान्वयन. कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 15,73,20,335.49. **ईएमडी** : रु. 9,36,600/-. **जमा करने की तिथि एवं समय** : 26.05.2025 को 15.00 बजे तक. **खुलने की तिथि एवं समय** : 26.05.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0107

Like us on : facebook.com/WesternRly

पश्चिम मध्य रेल
खुली निविदा

उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता / निर्माण पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न लिखित कार्यों हेतु निर्धारित ई निविदा आमंत्रित करता है। **(1) ई–निविदा सूचना क्रमांक:** जबल/ एस.एंड.टी/ निर्माण/ निविदा/ संकेत/137, दिनांकः 01.05.2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** पश्चिम मध्य रेलवे के नई ब्रॉड गेज लाइन के प्रावधान के संबंध में जबलपुर मंडल के सीधी–सिंगरोली खंड में सीधी–गजरही खंड में गजरही स्टेशन पर केंद्रीकृत प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में प्रावधान के संबंध में इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग उपकरणों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग और संबंधित कार्य **निविदा का अनुमानित मूल्य:** ₹45615464.16 **कार्यालय का पता:** उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/ निर्माण/ जबलपुर (प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, जबलपुर) **बयाना राशि:** ₹ 378100/– **समापन अवधि (माह):** 12 माह **निविदा बंद होने एवं खुलने की अंतिम तिथि एवं समय:** दिनांक 05.06.2025 को 15.00 बजे। उपरोक्त निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे वेबसाइट http://ireps.gov.in उपलब्ध है तथा उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/ निर्माण कार्यालय जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा उक्त वेब साइट से केवल ऑनलाइन आवेदन ही की जा सकती है।

(हस्ता.)
उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, निर्माण
प.म.रे., जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

# श्री अश्विनी वैष्णव, माननीय रेल मंत्री, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी ने जुईनगर यार्ड का दौरा किया और नए सेंसर-आधारित संरक्षा प्रणालियों के परीक्षणों का निरीक्षण किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने परिचालन संरक्षा को बढ़ाने के उद्देश्य से उन्नत सेंसर-सक्षम प्रणालियों के परीक्षणों की समीक्षा करने के लिए जुईनगर यार्ड का निरीक्षण किया।निरिक्षण के दौरान, मंत्री ने सेंसर-सक्षम पॉइंट पोजिशन डिटेक्शन सिस्टम की समीक्षा की, जो स्टॉक रेल के संबंध में टंग रेल के संरेखण की निगरानी के लिए इंडक्टिव प्रॉक्सिमिटी सेंसर का उपयोग करता है। यह अभिनव प्रणाली साइट पर बिंदुओं की भौतिक स्थिति की तुलना इंटरलॉकिंग सिस्टम के डेटा से लगातार करती है। किसी भी विसंगति की स्थिति में, यह तुरंत एक अलार्म उत्पन्न करता है जो बेमेल बिंदु स्थिति को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, सिग्नल एस्पेक्ट फीडबैक सिस्टम का एक परीक्षण भी लागू किया गया है। यह सिस्टम एलईडी सिग्नल के वास्तविक प्रबुद्ध पहलू को सत्यापित करने के लिए तरंग दैर्ध्य का पता लगाने वाले आरबीजी सेंसर का उपयोग करता है। यदि सिग्नल इंटरलॉकिंग सिस्टम द्वारा निर्देशित पहलू से अलग पहलू प्रदर्शित करता है तो यह अलार्म उत्पन्न करता है। जुईनगर यार्ड में सभी पॉइंट्स और सिग्नल्स पर पॉइंट पोजिशन डिटेक्शन सिस्टम और सिग्नल एस्पेक्ट फीडबैक सिस्टम दोनों को ट्रायल के आधार पर स्थापित किया गया है। इन परीक्षणों पर एक रिपोर्ट आगे के मूल्यांकन और अनुमोदन के लिए आरडीएसओ और रेलवे बोर्ड को प्रस्तुत की जाएगी।

# लाडकी बहिन योजना कभी खत्म नहीं होगी, अप्रैल की मिलने जा रही किश्त, एकनाथ शिंदे ने किया ऐलान

मुंबईः महाराष्ट्र में लाडकी बहिन योजना शुरू करने वाले उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को कहा कि यह योजना कभी बंद नहीं होगी। शिंदे ने यह बात उस समय कही जब नवी मुंबई के उद्धव सेना के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शिंदे सेना में शामिल हो रहे थे। इसका नेतृत्व उद्धव सेना की पदाधिकारी रही रतन मांडवी ने किया।

मुंबई सेंट्रल से बांद्रा टर्मिनस तक पश्चिम एक्सप्रेस गाड़ी सं. 12925/26 के टर्मिनल में परिवर्तन

| गाड़ी सं. 12925 का संशोधित समय (01.07.2025 से प्रभावी) | | स्टेशन | गाड़ी सं. 12926 का संशोधित समय (03.07.2025 से प्रभावी) | |
|---|---|---|---|---|
| प्रस्थान | आगमन | | प्रस्थान | आगमन |
| 11.30 बजे | - | बांद्रा टर्मिनस | -- | 14.30 बजे |

बोरीवली-अमृतसर के बीच दोनों दिशाओं में अन्य ठहरावों के समय में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है.

ठहराव, संयोजन और समय-सारिणी के बारे में विस्तृत जानकारी के लिये यात्रीगण कृपया **www.enquiry.indianrail.gov.in** का अवलोकन करें.

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
Like us on: facebook.com/WesternRly
Follow us on: X.com/WesternRly

PLEASE CARRY ORIGINAL ID PROOF FOR ALL RESERVED TICKETS

मध्य रेल
नागपुर मंडल

**ई-खुली निविदा संख्या : मरेप्रकार्यनागपुर - 33-2025 दिनांक 30/04/2025. कार्य का नाम:** सीनियर डीईएन (मध्य) नागपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत स्टेशन के दोनों छोरों की स्टेशन यार्ड सीमाओं में होम सिग्नल को छोड़कर कूड़ा बीनने, खरपतवार हटाने का प्रस्ताव, नागपुर मंडल पर 1 वर्ष के लिए । **अनुमानित लागत:** रु. 2921400/-. **बयाना राशी:** रु. 58400/-. **निविदा बंद होने की तिथि: 22.05.2025 एवं समय 15:00** ईटेंडरिंग की विस्तृत जानकारी एवं -तथा ऑन लाइन भाग लेने हेतु रेल वेबसाइट सूचना **www.ireps.gov.in** देखे।

कृते मंडल रेल प्रबंधक (कार्य),
APEX-36 मध्य रेल, नागपुर

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

# सांसद नरेश म्हस्के के प्रयास से रेलवे आरक्षण केंद्र पुनः शुरू



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , रेलवे के वर्तकनगर आरक्षण केंद्र घोड़बंदर रोड, मुलुंड और ठाणे पश्चिम के नागरिकों के लिए सुविधाजनक आरक्षण केंद्र के रूप में जाना जाता है।एमटीएनएल और रेलवे के बीच विवाद के कारण आरक्षण केंद्र एक महीने से अधिक समय से बंद था।जो सांसद नरेश म्हस्के के प्रयासों से एक बार फिर शुरू हो गया है। वरिष्ठ नागरिकों को ठाणे स्टेशन पर आरक्षण केंद्र और स्टेशन परिसर में पार्किंग की समस्या के बीच जाना पड़ता था।नागरिकों ने सांसद नरेश म्हस्के से इसकी शिकायत की।सांसद नरेश म्हस्के ने इस आरक्षण केंद्र को शुरू करने के लिए तत्काल कदम उठाए और रेलवे प्रशासन व एमटीएनएल के बीच समन्वय स्थापित किया।सांसद नरेश म्हस्के ने आज आरक्षण केंद्र का दौरा किया।उनके साथ शिवसेना के विलास जोशी, ओवला घोड़बंदर शिवसेना शहर प्रमुख राजू फाटक, बाला गावस, संजीव कुलकर्णी आदि पदाधिकारी भी थे।

# एआई और मनोरंजन में दुनिया का नेतृत्व करने का भारत को अवसर - मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस

## मनोरंजन क्षेत्र में अत्याधुनिक एआई तकनीक सिखाने के लिए नवी मुंबई में शिक्षा नगर बनाया जाएगा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

नवी मुंबई , वैश्विक स्तर पर, मनोरंजन उद्योग में एआई का बड़े पैमाने पर उपयोग किया जा रहा है। निकट भविष्य में, नवी मुंबई को एआई प्रौद्योगिकी शिक्षा शहर के रूप में स्थापित किया जाएगा।इसलिए, भारत को अब एआई और मनोरंजन में दुनिया का नेतृत्व करने का अवसर मिलेगा, ऐसा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है।मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने वेव्स काउंसिल के दौरान महाराष्ट्र पैवेलियन में मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत की। वे उस समय बोल रहे थे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि वैश्विक स्तर पर वावेज परिषद जैसे मंच की आवश्यकता थी।इस आवश्यकता को समझते हुए, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली वेव्स काउंसिल का आयोजन किया और इसकी मेजबानी महाराष्ट्र में की। महाराष्ट्र सरकार ने वेव्स काउंसिल के अवसर पर कुछ बहुत महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि एनएसई ने वेव इंडेक्स लॉन्च किया है। दृश्य-श्रव्य क्षेत्र की 43 कंपनियों का सूचकांक लॉन्च किया गया है।इसलिए, इस क्षेत्र में निवेश करने और समग्र रूप से वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करने के लिए यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम है।मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि वेव इंडेक्स, वेव की सफलता का मुकुटमणि है। दो वैश्विक विश्वविद्यालयों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत विदेशी विश्वविद्यालयों को देश में अपने केंद्र खोलने की अनुमति दी जाएगी।इस शिक्षा में 10 से 12 विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय अपने परिसर खोलने जा रहे हैं। दो विश्वविद्यालयों के साथ सद्भाव समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। प्रारंभिक निवेश 1,500 करोड़ रुपये है।लेकिन भविष्य में यह निवेश बढ़ने वाला है। तीन अन्य प्रमुख विश्वविद्यालयों के साथ चर्चा चल रही है। देश में वैश्विक विश्वविद्यालयों का पहला परिसर नवी मुंबई में खोला जा रहा है।इसके अलावा, इस स्थल पर एक फिल्म सिटी विकसित करने के लिए प्राइम फोकस के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिसमें लगभग 3,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा और कम से कम 10,000 लोगों को रोजगार मिलेगा। इसमें एआई शक्ति और दुनिया की सर्वोत्तम तकनीक भी मौजूद होगी। गोदरेज ने पनवेल में फिल्म निर्माण केन्द्र स्थापित करने के लिए 2,000 करोड़ रुपये के निवेश समझौते पर भी हस्ताक्षर किए हैं। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि 8,000 करोड़ रुपये के समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं।फिल्मसिटी एक तकनीक हैफडणवीस ने कहा, ₹फिल्म सिटी का मतलब स्थान नहीं है।अब फिल्म सिटी का मतलब तकनीक है।₹ फिल्म निर्माण के सभी पहलुओं के लिए सुविधाएं उपलब्ध होंगी। अब तक, हमारे लोग पश्चिमी आस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालयों में प्रवेश पाने का प्रयास करते थे, लेकिन जो लोग वहां नहीं जा पाते थे, उन्हें यहां वही शिक्षा मिलती थी। यदि आज सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से कोई है, तो वह दृश्य-श्रव्य मीडिया अर्थव्यवस्था है। भारत के पास इस क्षेत्र में सबसे अधिक रोजगार अवसरों के साथ अग्रणी होने का अवसर है। क्योंकि सामग्री निमार्ता, सामग्री का उपयोग, हमारे पास सबसे अधिक है। इस क्षेत्र में नेतृत्व अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि यह सम्मेलन के कारण ही संभव हुआ है और मुंबई दृश्य-श्रव्य मीडिया की राजधानी बन गई है।




फास्ट ट्रैक

# जलशक्ति मंत्री ने विंध्यवासिनी का दर्शन किया

## किसानों की समस्याएं सुनीं, कहा– जलस्रोत के पास 100 पौधे लगाएं

मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मिर्जापुर के ग्राम लखनपुर में राजकीय नलकूप का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने नलकूप की कार्यप्रणाली और सिंचाई व्यवस्था की जानकारी ली। मंत्री ने किसानों से सीधा संवाद किया। अधिकारियों को नलकूप की नियमित मरम्मत और देखभाल का निर्देश दिया। उन्होंने लखनपुर में वृक्षारोपण भी किया। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि जल और हरियाली का गहरा संबंध है। जल स्त्रोतों के आसपास वृक्षारोपण से भूजल स्तर स्थिर रहता है। उन्होंने हर जलस्त्रोत के पास कम से कम 100 पौधे लगाने की अपील की। मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जल संसाधनों के संरक्षण को प्राथमिकता दी जा रही है। जलशक्ति विभाग का लक्ष्य है कि हर किसान को सिंचाई सुविधा और हर घर को शुद्ध पेयजल मिले। इससे पहले मंत्री ने विंध्याचल धाम में मां विंध्यवासिनी देवी, अष्टभुजा और गोकुल धाम मंदिर में दर्शन किए। कार्यक्रम में नगर विधायक रत्नाकर मिश्र, मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन और नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



# हाइवे पर चेन स्नैचिंग का मामला झूठा

## दो बाइक की टक्कर के बाद हुई मारपीट को बनाया चेन स्नैचिंग का केस

मिर्जापुर, मिर्जापुर के विंध्याचल थाना क्षेत्र के बबुरा में एक महिला से सोने की चेन छीनने का मामला पुलिस जांच में झूठा निकला है। पुलिस के मुताबिक घटना की जांच के लिए उच्चाधिकारियों और थाना विन्ध्याचल पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। जांच में सामने आया कि वास्तव में यह दो मोटरसाइकिलों के बीच टक्कर का मामला था। एक बाइक पर अजय कुमार यादव अपने परिवार की महिला और बेटी के साथ रिश्तेदारी में जा रहे थे। टक्कर के बाद दोनों बाइक सवार गिर गए। इस दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी और मारपीट हुई। स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। अजय यादव ने पहले आरोप लगाया था कि बाइक सवारों ने उन्हें धक्का देकर गिराया। उनके साथ मारपीट की और महिला के गले से सोने की चेन छीनकर फरार हो गए। हालांकि, सीओ सिटी विवेक जावला ने स्पष्ट किया कि चेन छीनने की घटना पूरी तरह से झूठी और निराधार है।



# राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी कामगार सेल ने कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर एमआईडीसी परिसर में बाइक रैली निकाली

## यह रैली कंपनियों के विरोध में नहीं बल्कि कर्मचारियों के हितों के लिए है- प्रमोद बोराडे

कर्मचारियों के हितों का ध्यान न दिया गया तो बड़ा आंदोलन होगा- सदाशिव पाटिल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क





अंबरनाथ. अंबरनाथ के आनंद नगर स्थित एमआईडीसी औद्योगिक परिसर में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी कामगार सेल की तरफ से शनिवार 3 मई को महाराष्ट्र दिन 1 मई के उपलक्ष में कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर सुदामा होटल से लेकर आमा कार्यालय तक एक बाइक रैली निकाली गई। यह बाइक रैली राकांपा शरद पवार कामगार शेल के जिलाध्यक्ष प्रमोद बोराडे के नेतृत्व में आयोजित की गई जिसमें सैकड़ों की संख्या में एमआईडीसी के कर्मचारी शामिल हुए।

प्रमोद बोराडे ने कर्मचारियों के विभिन्न मुद्दों जैसे कर्मचारियों को पीएफ ,कर्मचारियों की सेवा संबंधी शर्तों के नियमन,उनकी सुरक्षा,उनके काम के घंटों का उचित पालन,समय पर बोनस मिलने,परिसर में बस सेवा,सार्वजनिक शौचालय,अंबरनाथ के कांट्रेक्टरों को काम मिलने आदि अन्य अनेक मांगों को लेकर यह रैली आयोजित की गई थी। राकांपा के अंबरनाथ शहर अध्यक्ष सदाशिव मामा पाटिल ने कहा कि एमआईडीसी परिसर में लगभग 1400 कंपनियां है और देखने में आता है कि कंपनियां और ठेकेदार कर्मचारियों के प्रति गलत व्यवहार करते है।छोटी छोटी बातों पर कर्मचारियों को सेवा से हटा दिया जाता है ।यह रैली कर्मचारियों की जागरूकता हेतु जिलाध्यक्ष प्रमोद बोराडे के नेतृत्व में की गई जो पूर्ण सफल हुई। उन्होंने आगे कहा कि जिनकी जमीन गई है उन्हें काम मिलना चाहिए और आसपास के ठेकेदारों को ही काम मिलना चाहिए।इस रैली के माध्यम से हम संकेत दे रहे है कि व्यवस्थाओं को ठीक किया जाए अन्यथा बड़ा आंदोलन किया जाएगा। आमा के अध्यक्ष उमेश तायड़े ने राकांपा के इस पत्र को स्वीकार करते हुए कहा कि राकांपा का यह मांग पत्र कर्मचारियों के हित में है और आमा भी कर्मचारियों के हित में ही कार्य करती है।राकांपा के इस प्रयास को हमारा पूरा समर्थन है। हमलोग समय समय पर सभी कंपनियों के मालिकों से कर्मचारियों के हितों और विकास में कार्य करने के लिए चर्चा करते रहते हैं। इस बाइक रैली में राकांपा शरद पवार कामगार शेल के जिलाध्यक्ष प्रमोद बोराडे, राकांपा अंबरनाथ शहर अध्यक्ष सदाशिव पाटिल, महाराष्ट्र मजदूर सभा के अध्यक्ष दादासाहब पाटिल, आमा के अध्यक्ष उमेश तायड़े, पूर्व नगरसेवक धनंजय सुर्वे, पूर्व नगरसेवक सचिन पाटिल और सैंकड़ों कि संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

# येउर परिसर में मनपा ने चलाया व्यापक स्वच्छता अभियान



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की संकल्पना के अनुरूप आज मनपा क्षेत्र के येउर परिसर में सफाईअभियान चलाया गया। येउर में बस स्टेशन परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर उपायुक्त दिनेश तायडे, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रानी शिंदे, सहायक आयुक्त तनुजा रणदिवे, मनपा के कर्मचारी और क्षेत्र के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मनपा द्वारा प्रतिदिन साफ-सफाई की जाती है। मनपा उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की संकल्पना के अनुरूप दो वर्षों से नियमित व्यापक स्वच्छता अभियान चला रही है। यह अभियान मनपा आयुक्त सौरभ राव के निर्देश पर चलाया गया। येउर स्थित बस स्टेशन परिसर में सफाई अभियान के दौरान प्लास्टिक की बोतलें उठाई गई। अन्य मलबा भी उठाया गया तथा क्षेत्र को साफ किया गया। उन्होंने सड़कों से कूड़ा भी उठाया।अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता की गुणवत्ता में सुधार लाना तथा मनपा क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों का स्वरूप बदलना है। तदनुसार, नियोजन गैर-विभागीय तरीके से किया गया। उपायुक्त (ठोस अपशिष्ट प्रबंधन) मनीष जोशी ने बताया कि मैन पावर और मशीनरी भी उपलब्ध करा दी गई है।

# संवाद फाउंडेशन 11 मई को नशामुक्त अंबरनाथ के लिए भव्य नशामुक्ति शिविर का आयोजन कर रहा है

- नशा एक सामाजिक अभिशाप है जो परिवार और समाज को हानि पहुंचाता है, इससे बचे- सुवर्णा सालुंके
- पूर्व नगरसेवक सुभाष सालुंके के जन्मदिन के उपलक्ष में भव्य नशामुक्ति शिविर का आयोजन।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क






अंबरनाथ. नशा एक सामाजिक अभिशाप है और अंबरनाथ शहर को इस अभिशाप से मुक्त करने के लिए संवाद फाउंडेशन की अध्यक्षा सुवर्णा सालुंके द्वारा पूर्व नगरसेवक शिवसेना नेता सुभाष सालुंके के जन्मदिन के उपलक्ष में 11 मई को एक भव्य नशामुक्ति शिविर का आयोजन किया जा रहा है।सुभाष सालुंके शिवसेना के परभणी लोकसभा के निरीक्षक के रूप में भी कार्य कर रहे हैं।यह शिविर रोटरी क्लब हॉल वड़वली सेक्शन अंबरनाथ पूर्व में प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा जिसमें लाखों लोगों को शराब से मुक्ति दिलाने वाले प्रसिद्ध चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ.कृष्णा भावले अपने विशिष्ट परामर्श और आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से इलाज करेंगे। इस अवसर पर प्रसिद्ध पूर्व आईआरएस अधिकारी समीर वानखेड़े और प्रसिद्ध अभिनेत्री क्रांति रेडकर भी उपस्थित रहेंगी।संवाद फाउंडेशन की अध्यक्षा सुवर्णा सालुंके ने इस शिविर के विषय में कहा कि यह शिविर उनके पति और पूर्व नगरसेवक शिवसेना के सक्रिय नेता सुभाष सालुंके के जन्मदिन 8 मई के उपलक्ष में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि प्रसिद्ध चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ.कृष्णा भावले द्वारा आयुर्वेदिक उपचार के कारण अब तक लाखों व्यसनी लोगों को शराब के नशे से छुटकारा मिल चुका है।पूर्व नगरसेवक सुभाष सालुंके के जन्मदिन के उपलक्ष में इसी लक्ष्य को लेकर यह नशामुक्ति शिविर का आयोजन किया जा रहा है।अंबरनाथ में रहने वाले ऐसे लोग जो नशे के जाल में फंसे हुए है उनको इस शिविर के माध्यम से नशे से मुक्त करते हुए उनके और उनके परिवार में खुशहाली लाने का प्रयास किया जा रहा है। इस नशामुक्ति शिविर के लिए रजिस्ट्रेशन करने वाले प्रथम 100 लोगों का निशुल्क इलाज किया जाएगा जिसमें प्रति व्यक्ति 1500 रुपए का खर्च आएगा। इससे नशा करने वाले व्यक्ति के परिवार पर इलाज का अतिरिक्त भार नहीं पड़ेगा और उनका मुफ्त इलाज हो सकेगा।इस नशामुक्ति शिविर में सांसद रत्न डॉ श्रीकांत शिंदे के मार्गदर्शन में जिला प्रमुख गोपाल लांडगे, स्थानीय आमदार डॉ बालाजी किणीकर,पूर्व नगराध्यक्ष सुनील चौधरी, सुजाउद्दीन सैयद आदि सहित अन्य अनेक लोग उपस्थित रहेंगे। सुभाष सालुंके और सुवर्णा सालुंके ने इस शिविर के माध्यम से सभी जरूरतमंद लोगों को लाभ उठाने का आग्रह किया है।

# मेडिकल कॉलेज में विन्ध्यना कार्यक्रम

## एमबीबीएस छात्रों ने एनाटॉमी मॉडल और रंगोली से दिखाई प्रतिभा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मिर्जापुर, मिर्जापुर के माँ विन्ध्यवासिनी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में एनाटॉमी विभाग द्वारा थर्ड विन्ध्यना 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एचआईएमएस वाराणसी के प्रो. विपिन कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. संजीव कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्रों ने इम्ब्रोलॉजी के मॉडल प्रस्तुत किए। छात्रों ने हिस्टोलॉजी की रंगोली बनाई और एनाटॉमी के डायग्राम प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. संजीव कुमार, प्रो. विपिन कुमार, प्रो. विश्वजीत दास, प्रो. धीरेंद्र कुमार और डॉ. प्रीति ने जज के रूप में छात्रों के मॉडल का मूल्यांकन किया। विजेता छात्रों को पुरस्कार और मोमेंटो से सम्मानित किया गया।प्रधानाचार्य ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों के बौद्धिक और कौशल विकास में मदद करती हैं। यह राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के मानकों के अनुसार एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्रों के अध्ययन को भी पुष्ट करता है। कार्यक्रम का आयोजन एनाटॉमी विभागाध्यक्ष डॉ. दुर्गेश सिंह और संयोजक डॉ. शैलेंद्र सिंह तथा डॉ. अवनीश ने किया।

# साइकिल सवार मजदूर की मौत

## अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी, परिवार में अकेला कमाने वाला था 22 साल का युवक



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, थाना तिलहर क्षेत्र के गांव गोपालुर तालुके नगरिया निवासी 22 वर्षीय रमाकांत की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। रमाकांत अपने माता-पिता और भाई का एकमात्र सहारा था। वह कांट थाना क्षेत्र में चल रहे पुलिया निर्माण कार्य पर मजदूरी करने साइकिल से जा रहा था। भेदपुर गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया ।स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने युवक के मोबाइल से उसकी पहचान की और परिवार को खबर दी। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।पुलिस ने शनिवार को शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है।

# डाक विभाग की समस्या का हुआ निस्तारण

## सांसद की शिकायत के बाद डाक घरों में बुनियादी सुविधाएं हुई बहाल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, डाक विभाग के दफ्तरों की स्थिति में सुधार हुआ है। भाजपा सांसद अरुण सागर ने संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी की बैठक में डाक घरों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया था। डाकघरों में फर्नीचर की खराब स्थिति, डिजिटल सेवाओं और कर्मचारियों की कमी, तथा पेयजल की अनुपलब्धता जैसी समस्याएं थीं। डाक विभाग की प्रमुख सचिव वंदिता कौल ने इन समस्याओं का तत्काल समाधान कराने के निर्देश दिए। क्षेत्रीय पोस्टमास्टर अतुल कुमार श्रीवास्तव ने सांसद को समस्याओं के समाधान की जानकारी दी। सांसद अरुण सागर ने कहा कि डिजिटल युग में कार्यों में पारदर्शिता आवश्यक है। उन्होंने डाकघरों का निरीक्षण किया था। जिसमें बुनियादी सुविधाओं की कमी पाई गई थी। अब डाक दफ्तरों में पेयजल की व्यवस्था कर दी गई है। फर्नीचर की मरम्मत भी करा दी गई है। सांसद ने डाक विभाग की प्रमुख सचिव का आभार जताया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाता है। ताकि लोगों को कार्यों में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# पत्नी से विवाद के बाद युवक ने खाया जहर



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, पारिवारिक विवाद के चलते 35 वर्षीय मनोज कुमार विश्वकर्मा ने जहरीला पदार्थ खा लिया।

थाना सदर बाजार क्षेत्र के एमएनजेई जलालनगर निवासी मनोज की पत्नी 15 दिन पहले विवाद के बाद बच्चों को लेकर मायके चली गई थी। मनोज बच्चों से मिलना चाहता था। लेकिन पत्नी ने मना कर दिया। इसके बाद शनिवार की दोपहर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर आए। इलाज शुरू होने के दौरान मनोज अस्पताल से भाग गया। परिजनों ने उसकी तलाश की। पुलिस चौकी तथा मेडिकल कॉलेज कर्मचारियों से मदद मांगी।


भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# प्रिंस हैरी बोले- परिवार से सुलह करना चाहूंगा

## अब और नहीं लड़ना, पता नहीं मेरे पिता के पास कितना समय बचा है

एजेंसी

लंदन, ब्रिटेन के प्रिंस हैरी ने कहा है कि वह रॉयल फैमिली के साथ सुलह करना चाहते हैं, लेकिन उनके पिता किंग चार्ल्स उनसे बात नहीं कर रहे हैं। हैरी ने यह बयान उस दिन दिया जब वे ब्रिटिश सरकार के खिलाफ पुलिस सुरक्षा को लेकर चल रहा मुकदमा हार गए। बीबीसी को दिए एक इंटरव्यू में हैरी ने कहा, मैं अपने परिवार के साथ सुलह करना चाहूंगा। अब और लड़ाई का कोई मतलब नहीं है। जिंदगी कीमती है। मुझे नहीं पता कि मेरे पिता के पास कितना समय बचा है। वह मुझसे इस सुरक्षा विवाद के कारण बात नहीं कर रहे हैं, लेकिन सुलह करना अच्छा होगा। हैरी ने कहा कि मैं नहीं सोचता कि मैं कभी अपने परिवार को ब्रिटेन वापस ला पाऊंगा, क्योंकि मुझे लगता है कि वहां मेरे परिवार के लिए सुरक्षा की व्यवस्था नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि मेरे और परिवार के कुछ सदस्यों के बीच काफी मतभेद रहे हैं, लेकिन अब



मैंने उन्हें माफ कर दिया है। दरअसल, हैरी ने 2020 में अपनी रॉयल ड्यूटीज से इस्तीफा दे दिया था और अपनी अमेरिकी पत्नी मेगन और दो बच्चों के साथ अमेरिका के कैलिफोर्निया चले गए। तब से उन्होंने और मेघन ने टीवी डॉक्यूमेंट्री, अमेरिकी टॉक शो होस्ट ओप्रा विन्फ्रे के साथ एक इंटरव्यू और हैरी की बेस्ट-सेलिंग ऑटोबायोग्राफी स्पेयर में रॉयल फैमिली की कड़ी आलोचना की थी। प्रिंस हैरी अमेरिका जाने के बाद अपनी सुरक्षा में किए गए बदलावों को पलटवाना चाहते थे। शुक्रवार को कोर्ट के फैसले के बाद प्रिंस हैरी ने कहा, इस वक्त मैं ऐसी कोई दुनिया नहीं देखता जिसमें मैं अपनी पत्नी और बच्चों को यूके वापस लाऊं। उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा लगा जैसे धोखा मिला हो। कोर्ट में मिली हार को उन्होंने पुरानी सोची-समझी साजिश बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी सुरक्षा में कटौती का फैसले के पीछे शाही परिवार का हाथ है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि उनकी सुरक्षा को लेकर हुआ विवाद हमेशा से सबसे बड़ी रुकावट रहा है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने राजा चार्ल्स से इस विवाद में दखल देने को कहा था, तो प्रिंस हैरी ने जवाब दिया- मैंने उनसे हस्तक्षेप करने को नहीं कहा, मैंने उनसे सिर्फ यह कहा कि वे एक तरफ हट जाएं और एक्सपर्ट्स को उनका काम करने दें। फैसले पर उन्होंने कहा, मैं टूट गया हूं। लेकिन मैं इस हार से उतना नहीं जितना टूटा हूं, जितना उन लोगों की वजह से टूटा हूं, जो ये फैसला लेकर सोचते हैं कि यह ठीक है। क्या यह उनकी जीत है? मुझे यकीन है कि कुछ लोग हैं, जो मुझे नुकसान पहुंचाना चाहते हैं, वही इसे अपनी बड़ी जीत मान रहे होंगे। प्रिंस हैरी ने कहा कि उनकी ऑटोमैटिक सुरक्षा हटाने का फैसला उन्हें हर दिन प्रभावित करता है, और अब वे तभी ब्रिटेन सुरक्षित लौट सकते हैं जब शाही परिवार की ओर से आमंत्रण हो, क्योंकि सिर्फ ऐसी स्थिति में उन्हें उचित सुरक्षा मिलती है। मेगन ने इंटरव्यू में खुलासा किया था कि शाही परिवार से जुड़ने के बाद उनकी आजादी काफी कम हो गई थी। रॉयल परिवार में वो काफी अकेला महसूस करने लगी थी। उन्हें दोस्तों के साथ लंच पर जाने की भी इजाजत नहीं थी। मेगन ने कहा था कि एक वक्त ऐसा भी आया था जब मैं पूरी तरह से टूट गई थी। मैं जीना नहीं चाहती थीं और मुझे सुसाइड के ख्याल भी आते थे।

# पाकिस्तान ने अब्दाली बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया

## 450 केएम रेंज, न्यूक्लियर और कन्वेंशनल हथियार ले जाने में सक्षम

एजेंसी

इस्लामाबाद, भारत से जारी तनाव के बीच पाकिस्तान ने शनिवार को अब्दाली वेपन सिस्टम नाम की बैलिस्टिक मिसाइल के सफल परीक्षण का दावा किया। पाकिस्तान का कहना है कि उसने 'इंडस एक्सरसाइज' के तहत 450 किलोमीटर की मारक क्षमता वाली इस सरफेस टू सरफेस मिसाइल का परीक्षण किया। यह मिसाइल 500-700 किलोग्राम तक के न्यूक्लियर एंड कन्वेंशनल हथियार ले जा सकती है, हालांकि इसका इस्तेमाल मुख्य रूप से कन्वेंशनल हथियारों के लिए किया जाता है। इसमें



मॉडर्न नेविगेशन और गाइडेंस सिस्टम हैं, जो सटीक निशाना लगाने में सक्षम है। पाकिस्तानी सरकार ने कहा कि इस टेस्टिंग का मकसद सैनिकों को युद्ध के लिए तैयार रखना और मॉडर्न नेविगेशन सिस्टम के तकनीकी मापदंडों को चेक करना था। पाकिस्तानी मंत्री ने भारत को परमाणु हमले की धमकी दी थी पाकिस्तान ने यह मिसाइल टेस्टिंग ऐसे वक्त पर की है जब कुछ दिन पहले ही उसके एक मंत्री ने भारत को धमकी देते हुए कहा था कि हमारे पास जो 130 परमाणु हथियार हैं, आपको पता नहीं है कि पाकिस्तान के किस-किस हिस्से में ये रखे हुए हैं। ये जो गोरी, शाहीन, गजनवी (मिसाइलें) हैं, ये हमने चौक पर सजाने के लिए नहीं, हिंदुस्तान के लिए रखे हैं। ग्लोबल फायरपावर रैंकिंग- भारत चौथे तो पाकिस्तान 12वें नंबर पर ग्लोबल फायरपावर रैंकिंग के मुताबिक 145 देशों की लिस्ट में भारत चौथे नंबर पर है, जबकि पाकिस्तान 12वें स्थान पर है। वहीं मिलिट्री वॉच मैगजीन के अनुसार भारत टियर 2 मिलिट्री पावर में आता है, जबकि पाकिस्तान टियर 3 मिलिट्री पावर में आता है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में भारत का मिलिट्री खर्च पाकिस्तान से लगभग नौ गुना ज्यादा था। भारत मिलिट्री खर्च 86.1 अरब डॉलर था, जबकि पाकिस्तान का सैन्य व्यय 10.2 अरब डॉलर रहा।

# ऑस्ट्रेलिया चुनाव में लेबर पार्टी जीती, फिर पीएम बनेंगे अल्बनीज

## 21 साल में दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले पहले नेता; विपक्षी पार्टी ने हार मानी

एजेंसी

कैनबरा, ऑस्ट्रेलिया में लेबर पार्टी दोबारा चुनाव गई है। चुनाव आयोग के मुताबिक अब तक 55% वोटों की गिनती हो चुकी है। लेबर पार्टी को 89 सीटों पर जीत हासिल हुई है, वहीं विपक्षी लिबरल-नेशनल गठबंधन 36 सीटों पर जीती है। चुनाव जीतने के लिए 76 सीटों की जरूरत होती है। लेबर पार्टी की जीत से तय हो गया है कि एंथनी अल्बनीज एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे। 21 साल में यह पहली बार होगा जब कोई नेता दोबारा पीएम बनेगा। इसे पहले 2004 में लिबरल पार्टी के जॉन हावर्ड लगातार दूसरी बार चुनाव जीते थे। वहीं, विपक्षी लिबरल-नेशनल गठबंधन ने हार मान ली है। विपक्षी नेता पीटर डटन ने चुनाव में हार स्वीकार करते हुए कहा, ₹हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, मैं इसके लिए पूरी जिम्मेदारी स्वीकार करता हूं।₹ ऑस्ट्रेलिया में 3 साल पर होते हैं चुनाव ऑस्ट्रेलिया में 3 साल पर चुनाव होते हैं। देश में 28 मार्च 2025 को संसद भंग कर दी गई थी, जिसके बाद सरकार केयरटेकर मोड में चली गई थी। इसके बाद 22 से 30 अप्रैल तक पोस्टल वोटिंग की गई। पिछली बार 2022 में हुए चुनाव में लेबर पार्टी को 77 और लिबरल-नेशनल गठबंधन को 58 सीटें मिली थीं। इस बार मुख्य मुकाबला प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज की लेबर पार्टी और विपक्षी नेता पीटर डटन के




लिबरल-नेशनल गठबंधन के बीच था। ऑस्ट्रेलिया में भारत की तरह ही दो सदन हैं। ऊपरी सदन को सीनेट और निचले सदन को हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स कहा जाता है। निचले सदन में बहुमत पाने वाली पार्टी या गठबंधन का नेता ही प्रधानमंत्री बनता है। इसकी 150 सीटों के लिए आज वोटिंग हो रही है। इसका रिजल्ट 3 मई की रात या फिर 4 मई की सुबह तक आएगा। निचले सदन के साथ ही ऊपर सदन की 76 में से 40 सीटों के लिए भी आज वोटिंग हो रही है। इस सदन में चुने गए सदस्यों का कार्यकाल 6 साल होता है। हर 3 साल में आधे सदस्य बदल जाते हैं। ऑस्ट्रेलिया में 18 साल या इससे ज्यादा उम्र के सभी नागरिकों को अनिवार्य रूप से वोट देना होता है और अगर गैर जरूरी कारण से वो ऐसा नहीं करते हैं तो उन पर 20 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर का जुमार्ना लगाया जा सकता है। यहां प्रधानमंत्री बनने के लिए उम्र तय नहीं है। दूसरे शब्दों में कहें तो 18 साल या ज्यादा उम्र के जो लोग वोटिंग कर सकते हैं, वो चुनाव भी लड़ सकते हैं और प्रधानमंत्री भी बन सकते हैं। महंगाईः बढ़ती महंगाई और ऊंची ब्याज दरों इस बार प्रमुख मुद्दा है। दोनों प्रमुख पार्टी ने लोगों को वित्तीय राहत देने का वादा किया है। महंगा घरः ऑस्ट्रेलियाई लोगों के लिए घर खरीदना मुश्किल हो गया है। खासकर युवा लोगों को नए घर खरीदने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जलवायु परिवर्तनः 2022 की बाढ़, 2023 की बुशफायर और जैस्पर साइक्लोन, 2025 का अल्फ्रेड साइक्लोन की वजह से जलवायु भी प्रमुख मुद्दा है। लेबर पार्टी ने रिन्युएबल एनर्जी में इन्वेस्ट किया, जबकि लिबरल पार्टी ने न्यूक्लियर एनर्जी का प्रस्ताव दिया है। हेल्थ सर्विसः महिला मतदाता खासतौर पर हेल्थ सर्विस में सुधार की मांग कर रही हैं।

# सिंगापुर में आम चुनाव के लिए वोटिंग खत्म

## आज देर रात तक नतीजे आ सकते हैं; सत्तारूढ़ पीएपी और विपक्षी वर्कर्स पार्टी में मुकाबला

एजेंसी

सिंगापुर सिटी, सिंगापुर में आज संसदीय चुनाव के लिए वोटिंग खत्म हो गई। इस चुनाव में मुख्य मुकाबला 1965 से सत्ता पर काबिज पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) और प्रमुख विपक्षी दल वर्कर्स पार्टी (डब्ल्यूपी) के बीच है। इन दोनों के अलावा कई अन्य छोटे दल भी चुनावी मैदान में हैं। आज देर रात तक इस चुनाव के नतीजे आ सकते हैं। सिंगापुर के 33 निर्वाचन क्षेत्रों की 97 संसदीय सीटों के लिए वोटिंग की गई। इनमें सिंगल मेंबर




कॉन्स्टिट्यूएंसी (एसएमसी) और ग्रुप रिप्रेजेंटेशन कॉन्स्टिट्यूएंसी (जीआरसी) शामिल हैं। जीआरसी में 4-5 उम्मीदवारों की टीम चुनाव लड़ती है, जिसमें कम से कम एक अल्पसंख्यक समुदाय (मलय, भारतीय, या अन्य) का उम्मीदवार होना जरूरी है। लॉरेंस वॉन्गः 15 मई 2024 को ली सीन लूंग की जगह लॉरेंस वॉन्ग ने सिंगापुर के प्रधानमंत्री संभाला था। वो पीएपी के महासचिव भी हैं। इससे पहले वो वित्त मंत्री और उपप्रधानमंत्री के जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। कोविड-19 के वक्त लिए गए फैसलों और आर्थिक नीतियों की वजह से उन्हें काफी लोकप्रियता मिली थी। हेंग स्वी कीटः सिंगापुर के उपप्रधानमंत्री हैं। वे पीएपी के सीनियर लीडर हैं। हेंग को पहले मजबूत दावेदार माना जाता था, लेकिन 2021 में उन्होंने स्वास्थ्य वजहों से प्रधानमंत्री पद की दौड़ से खुद को अलग कर लिया था। अगर किसी वजह से लॉरेंस वॉन्ग पीछे हटते हैं तो हेंग स्वी कीट प्रमुख उम्मीदवार बन सकते हैं। प्रीतम सिंहः वर्कर्स पार्टी के प्रमुख प्रीतम सिंह भी सिंगापुर की राजनीति में एक प्रमुख चेहरा हैं, हालांकि उनके प्रधानमंत्री बनने की संभावना न के बराबर है, क्योंकि उनकी पार्टी सिर्फ 26 सीटों पर ही चुनाव लड़ रही है।

# 'मैं आत्मघाती बम बांधकर पाकिस्तान में हमला करने को तैयार हूं'

## कर्नाटक के मंत्री जमीर खान का बयान, बीजेपी ने बताया बचकाना



एजेंसी

बेंगलुरुः कर्नाटक के आवास और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बी जेड जमीर अहमद खान ने शुक्रवार को यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया कि वह अपने कंधे पर बम बांधकर पाकिस्तान जाने को तैयार हैं. जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर आया उनका यह बयान तेजी से वायरल हो रहा है.

### 'मैं इसे लेकर बहुत गंभीर हूं'

मंत्री ने कहा कि वह देश के लिए अपनी जान कुर्बान करने को तैयार हैं और उन्होंने केंद्र से निर्णायक कार्रवाई करने का आग्रह किया. इस दौरान खान के आसपास मौजूद सभी लोग हंसने लगे. इस पर उन्होंने कहा, मैं यह मजाक नहीं कर रहा हूं या मजाकिया अंदाज में नहीं कह रहा हूं. मैं इसे लेकर बहुत गंभीर हूं.₹ उन्होंने पहलगाम हमले की भी आलोचना की और इसे बर्बर और अमानवीय कृत्य बताया. साथ ही भारतीयों से एकजुट होने का आग्रह किया.

### कौन हैं बी जेड जमीर अहमद खान?

बी जेड जमीर अहमद खान कर्नाटक के एक वरिष्ठ भारतीय

**खान ने भावुक होते हुए कहा, पाकिस्तान हमेशा से भारत का दुश्मन रहा है. अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह मुझे इजाजत दें, तो मैं अपने कंधे पर आत्मघाती बम बांधकर पाकिस्तान जाकर हमला करने को तैयार हूं.**

राजनेता हैं, जो वर्तमान में सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार में आवास, वक्फ और अल्पसंख्यक कल्याण के कैबिनेट मंत्री के रूप में कार्यरत हैं. जमीर अहमद खान कर्नाटक विधानसभा में चामराजपेट निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं.

### 2005 में चामराजपेट से विधायक बने

जानकारी के अनुसार उन्होंने जनता दल सेक्युलर के साथ अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की और 2005 में चामराजपेट से विधायक चुने गए, जिसके बाद से वे इस सीट पर बने हुए हैं. 2018 में कांग्रेस में शामिल होने से पहले उन्होंने जेडीएस के साथ कई कार्यकाल पूरे किए. वह पिछले साल केंद्रीय मंत्री और जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी के खिलाफ अपने रेसिस्ट बयान के लिए विवाद के केंद्र में थे. बाद में उन्हें आय से अधिक संपत्ति के मामले में लोकायुक्त पुलिस ने भी तलब किया था. इसके बाद ईडी ने भी अगस्त 2021 में खान के ठिकाने पर छापा मारा था.

# मोदी मणिपुर से दूरी बनाए हुए हैं:शाह स्थिति संभालने में विफल :कांग्रेस

## राज्य में हिंसा के 2 साल पूरे, 3 महीने से राष्ट्रपति शासन

**सुरक्षाबलों का 20 किमी का फ्लैग मार्च**

मणिपुर हिंसा की दूसरी बरसी से एक दिन पहले (2 मई) सुरक्षाबलों ने फ्लैग मार्च किया था। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की 34 बटालियन के डीआईजी सुशांकर उपाध्याय ने बताया था कि इस फ्लैग मार्च से लोगों में एक भरोसा पैदा होगा। लोगों को लगेगा कि हालात पर काबू पाने के लिए यहां एक न्यूट्रल (किसी के पक्ष में नहीं) फोर्स है।

एजेंसी

नई दिल्ली/इम्फाल , मणिपुर में दो समुदायों के बीच हिंसा के आज (3 मई) दो साल पूरे हो गए। इसको लेकर कांग्रेस ने भाजपा पर निशाना साधा। कांग्रेस ने कहा, 'पीएम मोदी मणिपुर से दूरी बनाए हुए हैं। गृह मंत्री अमित शाह राज्य की स्थिति संभालने में विफल साबित हुए हैं।'कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा- मणिपुर में 13 फरवरी से राष्ट्रपति शासन जारी है, लेकिन मौजूदा विधानसभा भंग नहीं, सिर्फ निलंबित है। कई नागरिक संगठन इसके विरोध में हैं। सियासी ताकत पूर्व सीएम वीरेन सिंह के हाथ में है, क्योंकि




यहां भाजपा बिखरी हुई है। 3 मई 2023 को कुकी-मैतेई समुदाय के बीच संघर्ष शुरू हुआ था, जो आज भी जारी है। इन दो सालों में 300 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। 1500 से ज्यादा घायल हुए। 70 हजार से ज्यादा लोग विस्थापित हैं। 6 हजार से ज्यादा केस दर्ज हुई हैं। शनिवार को मैतेई नियंत्रित इम्फाल घाटी में मैतेई समूह समन्वय समिति मणिपुर अखंडता और जोमी छात्र संघ , कुकी छात्र संगठन ने पहाड़ी जिलों में बंद बुलाया। इस दौरान पूरे राज्य में सभी स्कूल-कॉलेज, सरकारी कार्यालय और दूसरे संस्थान बंद रहे।

### जयराम रमेश ने लिखा- मणिपुर की पीड़ा और तकलीफ जारी

रमेश ने पोस्ट में लिखा- भाजपा ने फरवरी 2022 में भारी जनादेश के साथ मणिपुर में सरकार बनाई और आज से ठीक दो साल पहले राज्य में सांप्रदायिक हिंसा भड़क उठी। राज्य की पीड़ा और तकलीफ अब भी जारी है। राजनीतिक खेल खेले जा रहे हैं। कोई सार्थक सुलह प्रक्रिया नहीं चल रही है। 60 हजार से ज्यादा लोग विस्थापित हैं। लोग बहुत तनाव की स्थिति में राहत शिविरों में रह रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पीएम ने राज्य में किसी से मुलाकात नहीं की वे पूरी दुनिया में घूम चुके हैं, लेकिन उन्हें इस संकटग्रस्त राज्य का दौरा करने और वहां के लोगों से मिलने के लिए न तो समय मिला है, उनकी न ही इच्छा है और न ही उनमें संवेदनशीलता है। रमेश ने कहा कि मणिपुर इससे बेहतर स्थिति का हकदार है। मणिपुर के लोग प्रधानमंत्री के इम्फाल आने और खूबसूरत राज्य का दौरा करने तथा लोगों को सांत्वना देने का इंतजार कर रहे हैं।

# जाति आधारित जनगणना को लेकर तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

**अपने पत्र में यादव ने प्रधानमंत्री को बिहार में महागठबंधन के 17 महीने के कार्यकाल के दौरान एनडीए नेताओं और संस्थानों द्वारा पैदा किए गए विरोध और बाधाओं की याद दिलाई, जब राज्य सरकार ने अपना जाति आधारित सर्वेक्षण कराया था।**



एजेंसी

विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक विस्तृत पत्र लिखकर आम जनगणना के साथ-साथ देश भर में जाति आधारित जनगणना कराने के केंद्र के फैसले का स्वागत किया है। हालांकि, पत्र में उन्होंने एनडीए के पिछले रुख की तीखी आलोचना की और सरकार से व्यापक सामाजिक न्याय सुधारों के लिए आंकड़ों का इस्तेमाल करने का आग्रह किया। अपने पत्र में यादव ने प्रधानमंत्री को बिहार में महागठबंधन के 17 महीने के कार्यकाल के दौरान एनडीए नेताओं और संस्थानों द्वारा पैदा किए गए विरोध और बाधाओं की याद दिलाई, जब राज्य सरकार ने अपना जाति आधारित सर्वेक्षण कराया था। यादव ने लिखा, ₹सालों से आपकी सरकार और एनडीए जाति आधारित जनगणना की मांग को विभाजनकारी और अनावश्यक बताकर खारिज करते रहे हैं। जब महागठबंधन सरकार ने इसे कराने का फैसला किया, तो केंद्रीय अधिकारियों और आपकी पार्टी के सहयोगियों ने सक्रिय रूप से इसकी आवश्यकता पर सवाल उठाए और बाधाएं पैदा कीं। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने राष्ट्रीय जनगणना में जाति जनगणना को शामिल करने के केंद्र के फैसले पर पीएम नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा है।

# पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच भारतीय नौसेना ने दिखाया 'शक्ति का त्रिशूल'

**भारत ने इस हमले के लिए पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादी तत्वों को जिम्मेदार ठहराया है और जवाब में कई कड़े उपायों की घोषणा की है, जिसमें सिंधु जल संधि को निलंबित करना, अटारी भूमि सीमा क्रॉसिंग को बंद करना और राजनयिक संबंधों को कम करना शामिल है।**

## अरब सागर के युद्धपोत के दृश्यों के साथ भारतीय नौसेना का संदेश

एजेंसी

पहलगाम में हुए घातक आतंकी हमले के बाद भारतीय नौसेना ने अरब सागर में अपनी परिचालन तत्परता बढ़ा दी है, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। नौसेना के युद्धपोत हाई अलर्ट पर हैं और खतरों को रोकने के लिए कई जहाज-रोधी और वायु रक्षा अभ्यास किए हैं। भारतीय तटरक्षक बल भी पाकिस्तान के साथ समुद्री सीमा की निगरानी के लिए नौसेना के साथ मिलकर काम कर रहा है। मिसाइल परीक्षण ऐसे समय में किए गए हैं, जब ऐसी खबरें आ रही हैं कि पाकिस्तानी नौसेना इसी क्षेत्र में इसी तरह की फायरिंग की योजना बना रही है। बढ़ी



हुई गतिविधि से पता चलता है कि भारत समुद्री प्रतिक्रिया विकल्प तैयार कर रहा है। एक बार फिर अपनी समुद्री शक्ति का प्रदर्शन करते हुए, भारतीय नौसेना ने शनिवार को समुद्र में तैनात अपने शक्तिशाली फ्रिगेट की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें एक सतही जहाज, एक पनडुब्बी और एक हेलीकॉप्टर है। इन तीनों को ₹नौसेना शक्ति का त्रिशूल₹ बताते हुए, एक्स पर पोस्ट में विध्वंसक आईएनएस कोलकाता, एक स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बी और ध्रुव एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) शामिल थे। नौसेना ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, ₹नौसेना शक्ति का त्रिशूल - ऊपर, नीचे और लहरों के पार,₹ जो पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच तेजी से वायरल हो गया। यह तस्वीर 22 अप्रैल को जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच जारी की गई थी, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई थी। भारत ने इस हमले के लिए पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादी तत्वों को जिम्मेदार ठहराया है और जवाब में कई कड़े उपायों की घोषणा की है, जिसमें सिंधु जल संधि को निलंबित करना, अटारी भूमि सीमा क्रॉसिंग को बंद करना और राजनयिक संबंधों को कम करना शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने हालिया 'मन की बात' संबोधन में देश को आश्वस्त किया कि हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को कड़ी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ेगा।

## संक्षेप

### युवती ने सुसाइड किया

**घर में दुपट्टे से लटकता शव मिला, सुबह परिजनों ने देखा**

बांदा, बबेरू कोतवाली क्षेत्र के भदवारी गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां 18 वर्षीय सबीना ने खपरैल वाले घर में धन्नी में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सबीना मुन्ना खान की पुत्री थी। रात में जब परिजनों को घटना की जानकारी मिली तो घर में कोहराम मच गया। परिजनों ने तुरंत ग्राम प्रधान को सूचित किया। प्रधान ने इसकी जानकारी बबेरू कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने शव को फांसी के फंदे से उतारा। पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### पति से झगड़े के बाद पत्नी ने खाया जहर

**बांदा में 9 साल पहले हुई थी शादी, 10 पहले घर ही आया पति**

बांदा, जसपुरा थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां 27 वर्षीय रेखा देवी ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पति अनिल कुमार ने बताया कि घटना से पहले उनके बीच झगड़ा हुआ था। इसके बाद वह गेहूं लेने चले गए थे। रेखा देवी और उनकी भाभी मजदूरी में गेहूं काट रही थीं। जब अनिल घर लौटे तो देखा कि पत्नी उल्टी कर रही थी। पूछने पर रेखा ने कुछ खाने से मना कर दिया और लेट गई। जब काफी देर तक उनकी तबीयत नहीं सुधरी, तो ससुराल में फोन करके सूचना दी गई। ससुराल वालों ने जब बिटिया से बात की तो उसने जहर खाने की बात स्वीकार की। तुरंत उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अनिल कुमार ने बताया कि वह बाहर काम करते हैं और कुछ दिन पहले ही घर आए थे। दंपती की शादी 7 जुलाई 2016 को हुई थी और उनके दो बच्चे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है।

### छात्रा की गोली मारकर हत्या

**दाहिनी कनपटी में गोली लगी, शव 4 दिन बाद आसरा आवास से बरामद**

बांदा, बांदा के खाईंपार मोहल्ला की 24 वर्षीय छात्रा हिना बानो की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हुई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार छात्रा की दाहिनी कनपटी के पीछे गोली लगी थी। छात्रा की मां ने 29 अप्रैल को कोतवाली में उसके लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने गुरुवार को हरदौली स्थित आसरा आवास से छात्रा का शव बरामद किया। शव पर चोट के निशान भी मिले हैं। शव पुराना होने के कारण उसकी आंखें बाहर निकल आई थीं। मामले में किसी युवक से रिश्ते की बात सामने आई है। दुष्कर्म की आशंका की जांच के लिए स्लाइड बनाकर लैब भेजी जाएगी।

# बदमाशों ने वकील को गोली मारी

**20 मिनट तक जमीन पर तड़पते रहे, कहा–जमीन विवाद में पड़ोसी ने फायरिंग करवाई**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, बदमाशों ने दिनदहाड़े वकील को गोली मार दी। बाइक सवार तीन बदमाशों ने कोर्ट जा रहे वकील को रोका। इसके बाद सीने में दो गोलियां मार दीं।

आसपास के लोग फायरिंग की आवाज सुनकर पहुंचे तो बदमाश फरार हो गए। वकील 20 मिनट तक जमीन पर तड़पते रहे। लोगों ने उनसे पूछा कि किसने गोली मारी। इस पर वकील ने कहा– जमीन विवाद में पड़ोसी ने फायरिंग करवाई। इसके बाद वकील को अस्पताल पहुंचाया गया। वकील की हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना सोरांव थाना क्षेत्र के कल्याण शाह का पूरा गांव के पास की है। वकील मान सिंह मऊआइमा थाना क्षेत्र के किंग्रिया का पूरा गांव के रहने वाले हैं। उनका किसी से जमीन का विवाद चल रहा है। पुलिस को आशंका है कि इसी के चलते उन्हें गोली मारी गई। पुलिस के मुताबिक, वकील मान सिंह कहीं जा रहे थे, तभी एक बाइक पर सवार तीन हमलावर पीछे से आए। उन्होंने ओवरटेक कर वकील को रोका और दो गोलियां मारकर प्रयागराज-प्रतापगढ़ मार्ग पर फरार हो गए। वारदात की सूचना पर डीसीपी गंगापार कुलदीप गुणावत क्राइम ब्रांच की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद वकील को स्वरूप रानी अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्वरूप रानी अस्पताल के डॉक्टर बद्री विशाल सिंह ने बताया- वकील के सीने में दो गन शॉट लगे हैं। एक गोली अभी भी फंसी हुई है। उन्हें ऑपरेशन थिएटर में भेजा गया है। उनकी हालत नाजुक है। ऑपरेशन के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। डीसीपी गंगापार कुलदीप गुणावत ने बताया- घायल ने आरोपियों की पहचान अपने ही गांव के संबंधी और परिजन के रूप में की है, जिनसे जमीन को लेकर रंजिश चल रही थी। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सपा विधायक का विवादित बयान पर सफाई

**डॉ. आरके वर्मा बोले– देश संविधान से चलेगा, तलवार या गोली से नहीं**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, रानीगंज से समाजवादी पार्टी के विधायक डॉ आरके वर्मा के बयान ने प्रदेश की राजनीति में नया विवाद खड़ा कर दिया है। विवाद की शुरूआत सपा सांसद रामजीलाल सुमन के एक बयान से हुई, जिसके विरोध में करणी सेना ने प्रदर्शन किया। इस दौरान कुछ लोगों ने सपा सांसद के काफिले पर हमला कर दिया। इसके बाद समाजवादी पार्टी अपने सांसद के समर्थन में सक्रिय हो गई। पार्टी ने पूरे प्रदेश में प्रदर्शन शुरू कर दिया है। रानीगंज में आयोजित प्रदर्शन के दौरान विधायक डॉ वर्मा पर करणी सेना के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगा। अपने बयान पर स्पष्टीकरण देते हुए डॉ वर्मा ने कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं कहा।



उनका कहना है कि देश न तो तलवार की धार से चलेगा और न गोलियों की बौछार से, बल्कि डॉ अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान से चलेगा।

# 188 संविदाकर्मियों की छंटनी का विरोध

- 686 कर्मचारियों ने किया काम का बहिष्कार, वेतन और बहाली की मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, विद्युत विभाग द्वारा संविदाकर्मियों की छंटनी के विरोध में कर्मचारियों ने काम का बहिष्कार कर दिया है। विभाग ने मुख्यालय से मिले आदेश के बाद जिले के विभिन्न पावर हाउसों में तैनात 188 संविदाकर्मियों को हटाया। इस कार्रवाई के विरोध में जिले के 686 संविदाकर्मी पिछले चार दिनों से अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर धरना दे रहे हैं। कर्मचारियों ने आज काम का बहिष्कार करते हुए ऊजार्मंत्री के खिलाफ नारेबाजी की। संविदाकर्मियों की दो प्रमुख मांगें हैं। पहली, दो महीने का बकाया वेतन भुगतान और दूसरी, छंटनी किए गए कर्मचारियों की बहाली। कर्मचारियों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा है। संविदाकर्मियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे। यह कार्रवाई विभाग द्वारा आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की छंटनी के आदेश के बाद की गई है।



# बिजली संविदा कर्मियों ने अर्धनग्न होकर किया प्रदर्शन

**कर्मचारियों का चौथे दिन विरोध जारी, सपा ने दिया समर्थन**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, बिजली संविदा कर्मियों का विरोध प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी रहा। कर्मियों ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया। समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक भगेलू राम और महासचिव सलाउद्दीन ने पहुंचकर आंदोलन को समर्थन दिया। संविदा कर्मी संगठन के अध्यक्ष ने कर्मचारियों की छंटनी रोकने और हटाए गए कर्मियों की बहाली की मांग की।

उन्होंने कहा कि अगर मांगें नहीं मानी गईं तो आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। जिले के अधीक्षण अभियंता, अधिशाषी अभियंता, अवर अभियंता और खंड अभियंता ने प्रबंधन को पत्र लिखकर स्पष्ट किया है कि संविदा कर्मियों की छंटनी से विद्युत व्यवस्था प्रभावित होगी। कर्मचारियों ने बायोमैट्रिक हस्ताक्षर का विरोध किया। उनका कहना है कि 8 हजार रुपये वेतन पाने वाला कर्मचारी 14 हजार का मोबाइल नहीं खरीद सकता। पूर्व विधायक भगेलू राम ने कहा कि समाजवादी पार्टी सदन से सड़क तक कर्मचारियों का साथ देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर छंटनी कर विभाग का निजीकरण करना चाहती है। उन्होंने सवाल किया कि जब बिजली विभाग घाटे में नहीं है, तो सरकार ऐसी व्यवस्था क्यों कर रही है।



# जाति जनगणना के फैसले पर भाजपा का जश्न

- सुल्तानपुर में कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटी, पटाखे फोड़े; पीएम मोदी का जताया आभार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, भाजपा कार्यकर्ताओं ने जाति जनगणना के निर्णय पर जश्न मनाया। तिकोनिया पार्क में भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी और ओबीसी जिलाध्यक्ष डॉ. रामजी गुप्ता के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश में जाति जनगणना कराने के निर्णय पर उनका आभार व्यक्त किया। भाजपा ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय और प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर यह कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यकताओं ने पटाखे फोड़े और एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाईं। भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ. रामजी गुप्ता ने बताया कि आखिरी जातीय जनगणना 1931 में कांग्रेस शासन के दौरान हुई थी। आजादी के बाद पहली बार प्रधानमंत्री मोदी ने जातीय जनगणना का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि अब तक की जनगणना में ओबीसी को शामिल नहीं किया गया था। इसलिए यह निर्णय सामाजिक न्याय और सहभागिता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।




# कार-बाइक की टक्कर

**महिला के गले में घुसा बर्तन का पलटा, मौके पर मौत; दो घायल**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, धम्मौर थाना क्षेत्र के रायबरेली-सुलतानपुर हाईवे स्थित त्रिलोकपुर में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। कार और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। दो अन्य लोग घायल हो गए।

अमेठी के सारुवावा गांव की रहने वाली गुलाब देवी अपने बेटे रवि और बहू के साथ सुलतानपुर में जन्मदिन पार्टी से लौट रही थीं। कार रवि चला रहा था। त्रिलोकपुर पुलिया के पास सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। बाइक पर लौहर पश्चिम के रहने वाले संजय, सुनील और विजयपाल सवार थे। उनके पास खाना बनाने के बर्तन और पलटा था। टक्कर में पलटा उछलकर कार के शीशे को तोड़ते हुए गुलाब देवी के गले में जा घुसा। इस चोट से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में बाइक सवार संजय और सुनील भी घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी अंजू मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।



# पति-पत्नी ने जहर खाया:5 महीने पहले हुई थी शादी

**3 महीने की प्रेग्नेंट थी विवाहिता, 24 घंटे के अंदर दोनों की मौत**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अलीगढ़, आपसी विवाद में नव विवाहित कपल ने जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर दोनों को जेएन मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया।

जहां दोनों की 24 घंटे के अंदर इलाज के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया है कि विवाहित युवती 3 महीने से प्रेग्नेंट है। 5 महीने पहले हुई थी शादी थाना खैर के गांव अहरौला निवासी युवती रजनीश(20) की शादी थाना टप्पल क्षेत्र के गांव बाजौता निवासी युवक नरेश (22) के साथ 5 महीने पहले हुई थी। शादी के बाद सब कुछ ठीक चल रहा था। घर में नरेश के माता-पिता, पत्नी रजनीश और दो बहनें रहती है। पति-पत्नी में आपसी विवाद हुआ। लड़ाई-झगड़ा इस कदर बढ़ गया कि दोनों ने जहरीला पदार्थ खा लिया। सुबह तड़के उठी नरेश की बहन ने उसका कमरा खुला हुआ देखा। बहन ने बताया- जैसे ही मैं भईया के कमरे का दरवाजा बंद करने गई, तो भईया-भाभी दोनों जमीन पर अजीब तरह से पड़े हुए थे। दोनों को हिलाकर उठाने की कोशिश की, लेकिन नहीं उठे। तब तक मां, दीदी और पड़ोसी आ गए थे। तब तक दोनों की सांसे चल रही थीं। तो हम लोग तुरंत अस्पताल लेकर भागे। अस्पताल ले जाते समय ही दोनों की हालत बिगड़ गई थी जहरीला पदार्थ खाने के बाद दोनों पति-पत्नी को अलीगढ़ के जे एन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जिसके बाद रजनीश ने गुरुवार की रात को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जबकि, शुक्रवार रात को नरेश की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। महज 24 घंटे में नव विवाहित कपल की मौत हो गई। लड़की और लड़का दोनों पक्ष के परिवारों सहित गांव में मातम छाया हुआ है। घटना के बाद पुलिस ने रजनीश के शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में विवाहिता रजनीश के तीन महीने से प्रेग्नेंट होने का खुलासा हुआ है। नरेश के पिता नवाब सिंह बोले- बहू और बेटा अच्छे से रहते थे। 5 महीने पहले तो शादी हुई थी। हम तो उस दिन दिल्ली गए थे।



नरेश, मृतका    रजनीश, मृतका

# मथुरा में 4 की मौत, शव खुरच कर बटोरे

**थार और टेंपो की टक्कर, पीछे से आ रहे डंपर ने सवारियों को रौंदा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मथुरा, सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। तेज रफ्तार थार और टेंपो की आमने-सामने की टक्कर हुई। टेंपो में सवार 5 लोग छिटक कर रोड पर गिर गए।

पीछे से आ रहे डंपर ने सवारियों को रौंद दिया। लोगों ने तड़पते-तड़पते दम तोड़ दिया। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। हर तरफ खून ही खून था। तीन लोगों की लाशों के टुकड़े रोड पर चिपक गए। टुकड़े इधर-उधर बिखरे पड़े थे। एक का दोनों पैर टूट गया और सिर में गहरी चोट लगने से मौत हुई। लाश के टुकड़ों को पुलिस ने खुरच कर पॉलीथिन में भरा। लाशें बटोरने में पुलिस को घंटेभर का समय लग गया। मृतकों में सभी पुरुष हैं, शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। एक घायल सड़क पर तड़प रहा था। उसे अस्पताल भेजा गया। हादसा थाना क्षेत्र जैत में छटीकरा देवी आटस मार्ग पर कृष्णा कुटीर के पास हुआ। मृतकों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। मृतकों में टेंपो चालक साबिर (25) निवासी जयसिंहपुरा खादर, मथुरा की पहचान हुई है। बाकी 3 अन्य की पहचान अभी नहीं हो सकी है। डंपर की टक्कर के बार टेंपू पूरी तरह से पिचक गया।



# शाहगढ़ में मैजिक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**संविदा कर्मी के पद पर कार्यरत था युवक, जांच में जुटी पुलिस**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, शाहगढ़ के श्री निषादराज अखंडानंद महाविद्यालय के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। एक मैजिक वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान विजय शर्मा के रूप में हुई है। वह गौरीगंज के पूरे मान सिंह वार्ड नंबर 10 का रहने वाला था। 30 वर्षीय विजय भगवान दीन शर्मा का पुत्र था। वह ब्लॉक शाहगढ़ में संविदा कर्मचारी के पद पर कार्यरत था। जांच में जुटी पुलिस पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मैजिक चालक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। एसएचओ शिवाकांत त्रिपाठी नें बताया की मैजिक को कब्जे में लेकर बिधिक कार्रवाई की जा रही है

# गौरीगंज के मेडिकल स्टोर में चल रहा अवैध अस्पताल

**नशे में धुत डॉक्टर ने मरीज को धमकाया, अयोग्य कर्मचारी कर रहे इलाज**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी, गौरीगंज में मुसाफिरखाना रोड स्थित शिव मेडिकल स्टोर में अवैध रूप से अस्पताल चलने का मामला सामने आया है। एक महिला मरीज साधना इलाज के लिए पहुंची। इस दौरान डॉक्टर पाल शराब के नशे में मिले। डॉक्टर ने मरीज साधना के साथ अभद्र व्यवहार किया। उन्होंने मरीज को धमकी देते हुए कहा कि जो उखाड़ना है उखाड़ लो। डॉक्टर ने यह भी कहा कि उनकी ऊपर तक पहुंच है और उनका कुछ नहीं बिगड़ेगा। मरीज ने बताया कि मेडिकल स्टोर में बिना योग्यता वाले कर्मचारी दवाइयां दे रहे हैं। ये कर्मचारी मरीजों को इंजेक्शन भी लगा रहे हैं। घटना के दौरान वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने मामले को शांत कराया और मरीज को उसके घर भेजा।




स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० –A–544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक – अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय– 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक– डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता– आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक– माता प्रसाद शर्मा, फिल्म– संपादक–जगन्नाथ तिवारी